


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः177 ग्वालियर, 7 मार्च गुरुवार 2024 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## कमलनाथ के गढ़ में कांग्रेस को झटका, पार्टी के 7 पार्षदों ने लगाए फिर एक बार मोदी सरकार के नारे

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ को बड़ा झटका लगा है. छिंदवाड़ा नगर निगम से कांग्रेस के 7 पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं. मंगलवार देर शाम भोपाल में राज्य के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आवास पर अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्षद बीजेपी में शामिल हुए. इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार का नारा लगाया. कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि वे पीएम मोदी से प्रभावित हैं.वहीं भारतीय जनता पार्टी पार्टी की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीएम मोदी के विकास कार्य. छिंदवाड़ा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़




है, जो वर्तमान में इस विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं. यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की %भारत जोड़ो न्याय यात्रा% राज्य से गुजर रही है.

**ये 7 पार्षद बीजेपी में हुए शामिल**–भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले 7 पार्षदों में रोशनी सल्लम, लीना तिरकम, संतोषी वाडिवार, दीपा मोहरे, जगदीश गोदरे, चंद्रभान ठाकरे और धनराज भावरकर हैं. गौरतलब है कि छिंदवाड़ा नगर निगम में कुल 48 पार्षद हैं. इसमें से 26 कांग्रेस पार्षद, बीजेपी के 18 पार्षद और 3 निर्दलीय पार्षद हैं. दो कांग्रेस और एक बीजेपी को समर्थन दे रहे थे. अब सात पार्षदों के कांग्रेस छोड़कर जाने से कांग्रेस के पास कुल 21 पार्षद रह गए हैं. इससे छिंदवाड़ा नगर निगम कांग्रेस का समीकरण गड़बड़ाता दिख रहा है.बता दें कि मध्य प्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटें हैं. साल 2019 के चुनावों में बीजेपी ने 28 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने केवल छिंदवाड़ा सीट जीती थी. कमलनाथ ने अब तक 9 बार छिंदवाड़ा लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है.

## उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर देशभर में उत्सव का माहौल है. इस बार भक्त महाशिवरात्रि का व्रत 8 मार्च को रखेंगे. हालांकि उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर ें 9 दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से जारी है. 29 फरवरी से ही यहां कार्यक्रम शुरु है. महाकाल का हर दिन अलग अलग रूपों में श्रृंगार किया जा रहा है और उनके भक्त हर दिन दर्शन कर रहे हैं. उत्सव के सातवें यानी बुधवार (6 मार्च) को भगवान श्री महाकालेश्वर जी को उमा महेश स्वरूप में श्रृंगार किया जा रहा है. श्रद्धालु बाबा महाकाल के इस स्वरुप का दर्शन शयन आरती तक कर सकेंगे. हर साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाता है. इस बार ये तिथि 8 मार्च यानी शुक्रवार को पड़ रही है. भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए भक्त




तैयारियां कर रहे हैं. महाशिवरात्रि के दिन विधि-विधान से पूजा करने के साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए लोगों का तांता लगा रहता है.

**बाबा महाकाल के अलग-अलग स्वरुपों का दर्शन**–उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पूरे परिसर को रोशनी से सजाया गया है. यहां 29 फरवरी से ही उत्सव का माहौल है और महाकालेश्वर मंदिर में हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है. हर दिन बाबा के भक्त अलग-अलग स्वरुप का दर्शन कर रहे हैं. 7 मार्च को शिव तांडव श्रृंगार किया जाएगा. वहीं, 8 मार्च को सेहरा श्रृंगार होगा. महाशिवरात्रि के दिन के लिए खास तरह की व्यवस्था की गई है. भक्तों को दर्शन करने या फिर पूजा पाठ करने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से मुश्तैद है. इस बार यहां महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है. दर्शनार्थियों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी.

**बाबा महाकाल के दर्शन का समय क्या**–जानकारी के मुताबिक महाशिवरात्रि के मौके पर उज्जैन के महाकाल मंदिर में 44 घंटे दर्शन का सिलसिला जारी रहेगा. महाशिवरात्रि पर सुबह 3 बजे भस्म आरती के लिए महाकाल मंदिर के पट खुल जाएंगे. इसके बाद सुबह 7.30 बजे से 8.15 तक दद्योदक आरती और इसके बाद भोग आरती होगी. दोपहर में 12 बजे से लेकर 1 बजे तक अभिषेक पूजन की व्यवस्था है

## ज्योतिरादित्य सिंधिया से गले लगकर रोने लगी महिलाएं, फिर क्या बोले केंद्रीय मंत्री?

मध्य प्रदेश के कई जिलों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से दलहन और तिलहन की फसलों को नुकसान हुआ है. गुना जिले में भी किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है. इस बीच, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधियाने गुना के अलग-अलग गांवों में जाकर किसानों से मुलाकात की.ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को गुना के बेहटागांव, पीलीघटा गांव, झमझरा, चिरोल और गोरा गांव में पीड़ति किसानों से मुलाकात की और उन्हें मुआवजा की राशि वितरित की. इस दौरान कृषक महिलाएं सिंधिया को गले लगाकर रोने लगीं. सिंधिया ने कहा कि सर्वे करा दिया गया है और उन्हें मुआवजा मिल जाएगा. बता दें कि ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवार बनाए गए हैं. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किसानों से मुलाकात कर कहा कि सिंधिया परिवार आपके साथ खड़ा है. अपने दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, ओलावृष्टि से हुए नुकसान के सर्वेक्षण के लिए गुना के इमझरा, चिरोल और गोरा गाँवों के किसानों से मिला। उनका दुःख-दर्द साझा कर हाथों-हाथ मुआवज़ा राशि वितरित की.



**सिंधिया ने प्रशासन से किया ये तीन अनुरोध**–बेहटाघाट में उन्होंने स्थानीय प्रशासन से तीन निवेदन किया. सिंधिया ने कहा कि कोरोना के वक्त गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज भेजने की घोषणा हुई थी मैं प्रशासन से अपील करता हूं कि इन किसानों को अतिरिक्त मात्रा में अनाज भेजे जाएं. जब फसल का नुकसान होता है तब अगर हम उस पोर्टल पर डालते हैं तो जिस किसान ने किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण लिया है उसे उस फसल की बीमा राशि भी मिलती है. प्रशासन से अपील करूं कि किसानों की मदद करें और उन्हें बीमा राशि मिल सके. मेरा तीसरा निवेधन यह है कि बेहटाघाट में श्रमिक भी रहते हैं. बड़े-बड़े ओले गिरे हैं जिससे उनके टपरों को नुकसान हुआ है. उन्हें प्रशासन की ओर से मदद दी जाए.

**मीडिया से बातचीत में यह बोले सिंधिया**–सिंधिया ने इस दौरान मीडिया से भी बात की. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव का संकल्प है कि इस पृथ्वी पर गरीब, किसान, महिला और युवा का सबसे पहला हक है. आज हमने इसी का एक स्वरूप देखा है जहां मोहन यादव की सरकार ने 48 घंटे के अंदर आकलन, सर्वे कर एक-एक किसान को स्वीकृति पत्र राशि थमा दी ह2


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram

Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# डेर प्राथमिक कुमार विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया





**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे पाटन/गुजरात।** हर साल 28 फरवरी को डॉ. सी.वी. रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों में छुपी रचनात्मक प्रतिभा अन्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सामने प्रस्तुत हुई। इन बाल वैज्ञानिकों के कार्यों एवं विज्ञान उपकरणों के प्रदर्शन का विद्यालय के सभी बच्चों ने अवलोकन किया।शिक्षिका श्रेयाबेन द्वारा अंधविश्वास के प्रयोग दिखाए गए और 50 से अधिक विज्ञान की कृतियाँ प्रदर्शनी, टीएलएम पार्क, गणित-विज्ञान पुस्तक प्रदर्शनी, और शिक्षिका बेनश्री द्वारा बनाए गए कुछ क्राफ्ट्स के नमूने और विज्ञान बॉक्स के सभी उपकरणों की पहचान, विभिन्न स्टोर लगाए गए, बहुत सुंदर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. जिसमें पाटण डायट प्राचार्य डॉ. पिंकीबेन रावल, डाइट व्याख्याता डॉ. पिनलबेन गोर्डिया और तालुका प्राथमिक शिक्षा अधिकारी श्री परमाभाई नाडोदा, पाटन तालुक बीआरसी बेन श्री मीनाबेन पटेल और सीआरसी श्री मौलिकभाई पटेल और पूर्व बीआरसी तुषार भाई ओझा, प्रिंसिपल कमालीवाड़ा पे सेंटर और आसपास की स्कूल्स के प्रिंसिपलों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उपस्थित सभीने बच्चों का प्रदर्शन देखकर उनका हौसला बढ़ाया। डायट प्राचार्य डॉ. पिंकीबेन एवं तालुका शिक्षा अधिकारी श्री परमा भाई ने शिक्षिका श्रेयाबेन के कार्य की सराहना की एवं विद्यालय परिवार को शानदार कार्यक्रम के लिए बधाई दी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भिण्ड हेलीपेड पर हुआ आत्मीय स्वागत

## मंत्री,सांसद,विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अगवानी की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हैलीकॉप्टर द्वारा ग्वालियर से भिण्ड आये। एसएएफ ग्राउण्ड भिण्ड हेलीपेड पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला,सांसद श्रीमती संध्या राय,विधायक भिण्ड नरेन्द्र सिंह कुशवाह,विधायक लहार अम्बरीश शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया,पूर्व मंत्री ओपीएस भदौरिया और अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत कर अगवानी की हेलीपेड पर आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह,आईजी सकसेना,कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भिण्ड में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात् लगभग 03 बजे हेलीकॉप्टर से जिला अशोकनगर के लिए रवाना हुए। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी।



# प्रकाश राठौड़ के प्रयास से जरूतमंद मरीज को मिला रक्त



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

मैसूरु.रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट मैसूरु-बेंगलुरु के संस्थापक प्रकाश राठौ? ने बताया कि बेंगलुरु से 40 किलोमीटर दूर ऐसीजी अस्पताल में उपचाररत ब्लड कैंसर के मरीज गोविंद सोलंकी को 0 नेगेटिव रक्त की आवश्यकता पड़ी परिजनों ने अपने स्तर पर मरीज के संबंधित रक्त की व्यवस्था हेतु भागदौड़ की मगर दुर्लभ रक्त की व्यवस्था नहीं कर पाए द्य किसी परिचित के माध्यम से समुह के संस्थापक प्रकाश राठौड़ को जानकारी मिली द्य उन्होने अपने स्तर पर प्रयास कर संपर्क साध कर संबंधित रक्तदाता सुरेंद्र सिह व पंवन कुमावत से रक्तदान करने की विनती की द्य दोनों ने रक्तदान कर मरीज का सहयोग किया द्य संस्थापक प्रकाश राठौ? ने तकरीबन 2500 से अधिक जरूरत मंद लोगो को निःशुल्क रक्त की व्यवस्था करवा चुके है द्य परिजनों व अस्पताल कर्मियों ने संस्थापक तथा रक्तदाताओं का आभार जताया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भिण्ड जिले के प्रथम आगमन पर अनेको सौंगाते दी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**वीरो की भूमि भिण्ड जिले की सभी मांगों को पूरा करेंगे**

**ग्वालियर से इटावा 6 लेन मार्ग का निर्माण होंगा**

**जिले के कॉलेज में कृषि स्नातक की पढ़ाई शुरू होगी**

**नयागांव में डिग्री कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया**

**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सिंगल क्लिक से किसान कल्याण एवं फसल बीमा योजना की राशि अंतरित की**

**भिण्ड जिले को मिली अनेक विकास कार्यों की सौगात**

**193 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भिण्ड जिले में आज 193 करोड रूपये की लागत से अधिक के 68 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए कहा कि भिण्ड के विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दूंगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भिण्ड के प्रथम आगमन पर अनेको सौंगाते देते हुए कहा कि वीरो की भूमि भिण्ड की सभी मांगों को पूरा करेंगे,ग्वालियर से इटावा 6 लेन मार्ग का निर्माण होंगा, जिले के डिग्री कॉलेज में एग्रीकल्चर की क्लास शुरू होगी,नयागांव में डिग्री कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह बात एमजेएस स्टेण्डियम में आयोजित सहकारिता एवं किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा,नवकरणीय एवं ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला,क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय,विधायक भिण्ड नरेन्द्र सिंह कुशवाह,लहार विधायक अवनीश शर्मा (गुड्डू), जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया,भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया,पूर्व सांसद,पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बडी



संख्या में शहरी एवं ग्रामीणजन तथा समूह की महिलाऐं उपस्थित थी।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भिण्ड जिले के एमजेएस स्टेडियम में आयोजित सहकारिता सम्मेलन एवं किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने सिंगल क्लिक से 80 लाख किसानों के खाते में 1816 करोड़ रूपये की किसान कल्याण योजना की राशि का अंतरण एवं 755 करोड़ रूपये की फसल बीमा योजना (खरीफ वर्ष 2023-24) की राशि का किसानों के खाते में अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव सम्मेलन में जिले में 193 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

**139 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण-**

मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा विभिन्न विभागों के 18 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन निर्माण कार्यों की लागत 139 करोड़ 56 लाख रुपये है। जिनमें 99 करोड़ 46 लाख रूपये की जल प्रदाय योजना, 12 करोड़ 80 लाख रूपये की दो संयुक्त तहसील कार्यालय भवन, 12 करोड़ 62 लाख रूपये का उच्चस्तरीय पुल निर्माण, 4 करोड़ 71 लाख रूपये की जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल योजना सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

**53 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास-**

मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा विभिन्न विभागों के 50 कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों की लागत 53 करोड़ 79 लाख रूपये है। जिनमें 34 करोड़ 37 लाख से अधिक की जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल योजना, 19 करोड़ 42 लाख की पुनर्घनत्वीकरण योजना जिला जेल भिण्ड के अंतर्गत जिला जेल, उपजेल भिण्ड, उपजेल गोहद, उपजेल मेहगांव, उपजेल लहार का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा की मार्गदर्शन में प्रदेश में राजस्व अभियान चलाया है जिसमें नामांतरण, बटवारा, सीमांकन आदि के अभी तक 3 लाख प्रकरणों का निराकरण किया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। जिनके कारण देश को मान और सम्मान मिला है। कोरोनाकाल में 142 करोड लोगों की जान बचाई कोविड-19 टीका तैयार कर कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के अलावा अन्य 100 देशो में भी कोविड का टीका भेजकर उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोग इसीप्रकार का सहयोग करते रहे और देश दिनोंदिन तरक्की के सौपान पर पहुंचेगा। आज 1800 करोड की राशि 80 लाख किसानों के खाते में डाली गई है यह राशि सीधे बैंक खाते से किसानों को प्राप्त होगी। हमारे देश के किसान का जीवन बदले यही मोदी जी की मंशा है। हमारा किसान अन्नदाता है वह दिनोदिन तरक्की करें। हम यही प्रयास कर रहे है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और किसान कल्याण निधि से किसानों को खाद बीज लेने में भी मदद हो रही है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लाइन मेन दिवस के रूप में आयोजन संपन्न हुआ

## इस अवसर पर जिले 12 लाइन कर्मियों कोभ ऊर्जा कीर्तिमान सम्मान से नवाजा गया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन व्रत मुख्यालय पर ऊर्जा कीर्तिमान लाइनमैन दिवस का आयोजन दामखेड़ा मंदिर परिसर में अधीक्षण यंत्री श्री एस . एस.वर्मा के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ आयोजन में मुख्य रूप से खरगोन जिले के नोडल अधिकारी सौरभ साहू , जितेंद्रकुमार पाल कार्यपालन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे अतिथि दव द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरवात की गई समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन पश्चात कार्यकर्म की रूपरेखा मैनेजर जय श्री लोखंडे ने विस्तार से बताया के साथ संपन्न हुआ अतिथि देव मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने लाइनमैन को सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करने की सलाह दी अपने उत्बोधन में बताया कि अक्सर लाइन कर्मी अपनी जान में जोखिम में डालकर जल्दबाजी में कार्य करते हैं जिससे वे दुर्घटनाओं के शिकार होते हे और उनके परिवार पर आकस्मिक व्रजपात होता है,आप सभी लोन कार्य के दोरान सुरक्षा साधनों का उपयोग करे जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा एक डिस्चार्ज ह्ड्डुस्त्र आपके जीवन का सुरक्षा कवच हे जिससे आप उपयोग ही नही करते यदि आप अपने कार्य के दौरान इसका अनिवार्य रूप से उपयोग करने सिख ले ले तो जीवन में कभी घातक विद्युत दुर्घटना नहीं हो पाएगी , अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी लाइन कर्मियों को बगैर सुरक्षा साधन के लाइन पर कार्य नहीं करने की सलाह दी है उन्होंने यह भी कहा कि सावधानी सतर्कताएवं सुरक्षा अपने कार्य में बहुत आवश्यक है लाइन के कार्यों में आप जब तक संतुष्ट नहीं हो तब तक आप कार्य प्रारंभ नहीं करें कार्य प्रारंभ करने से पहले आप डिस्चार्ज ह्ड्डुस्त्र से लाइनों को दोनों और से शट करने के पश्चात कार्य प्रारंभ करें जिससे भविष्य में कभी भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होगी दुर्घटनाग्रस्त होने से आप और आपके परिवार को अपनी क्षति होती है आपका जीवन अनमोल है इस जीवन को सुरक्षा और सतर्कता के साथ आप जो है बनाए रखें आपकी सेवाएं बड़ी महत्वपूर्ण है लाइनमैन कंपनी में रीड की हड्डी है है आप कार्य को सोच समझकर ही कार्य करें इस अवसर पर खरगोन जिले के लगभग 12 लाइन कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर ऊर्जा कीर्तिमान से नवाजा गया उपस्थित लाइन कर्मियों को श्रेष्ठ कार्य करने पर उपहारऔर प्रशस्ति पत्र भी दिया गया कार्यक्रम को नोडल अधिकारी इन्जी सौरभ साहू , आदि ने सुरक्षा संबंधी साधनों का किस प्रकार उपयोग करने की सलाह भी दी गई एवं जीवन अनमोल है इसकोजल्दबाजी में न गवाएं उपस्थित अतिथियों निज सचिव महेंद्रसिंह चौहान, प्रभात जोशी ने बेच लगाकर अभिवादन किया कार्यकर्म का संचालन आर के कानूनगो ने किया आभार प्रदर्शन देवानंद मालवीय सहायक यंत्री शहर द्वारा किया गया अंत सभी साथी के आयोजित सहभोज किया गया

# सेवा निवृत्ति पर अरुण सिंह भदौरिया का हुआ सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। लाईट मशीनरी एवं विद्युत यांत्रिक ,उप संभाग , जल संसाधन विभाग ग्वालियर में सेवारत रहे अरुण सिंह भदौरिया की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर गत दिवस उन्हें सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप स्वर्णकार ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया ,शॉल व श्रीफल भेंट किया गया , सेक्शन प्रभारी इंजी. आर सी चिराड़ ने स्मृति चिन्ह व शॉल एवं इंजी. पंकज चौहान ने भी पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण भदोरिया के कार्य एवं उनके व्यवहार पर सकारात्मक चर्चा करते हुए प्रदीप स्वर्णकार ने कहा ÷भदौरिया का स्वभाव एवं कार्य की प्रति लगन बहुत ही सराहनीय रहा।÷ उन्होंने भदौरिया के सुखी, स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में सेक्शन प्रभारी इंजीनियर आर सी चिराड़ ने अरुण भदौरिया के सौम्य एवं सरल ,व्यवहार की भूरि -भूरि प्रशंसा की और कर्मचारियों को उनसे प्रेरणा लेने की भी बात कही। इसी प्रकार इंजीनियर पंकज चौहान ने भी उनके कार्य के प्रति समर्पण भाव को उल्लेखित किया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. राम चरण चिराड़ ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारी गणों में आशा शूरी, ज्योति गुप्ता, ब्रजेश सिंह बैस, अजय कटारिया,एच एस सिकरवार, प्रदीप गुप्ता, जीतेंद्र भटनागर,पूर्व में सेवानिवृत्त लिपिक बी के बाथम ,बलवीर सिंह, तुलाराम सहित सेवारत भगवान दास ,सईद खान, नरेंद्र बाथम आदि ने पुष्पहार पहनाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर अरुण भदौरिया के परिजन एवं इष्ट मित्र आदि सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। अंत सभी का आभार प्रदर्शन इंजी. आर सी चिराड़ ने किया। तत्पश्चात् कार्यक्रम में सभी ने अल्पाहार लिया।

# मुख्यमंत्री को विकलांग बल ने दिव्यांग पेंशन वृद्धि कराने सौपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । विकलांग बल प्रदेश सचिव सौरभ बघेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को नाम दो सूत्रीय ज्ञापन दिया 7 सौरभ बघेल का कहना है की अभी मध्यप्रदेश मे विकलांग जन की पेंशन मात्र 600 रूपये है अभी तक मैजूदा सरकार ने हम विकलांग जन की सुध नहीं ली है7 मध्यप्रदेश में करीब साठ से सत्तर लाख जनसंख्या है विकलांग जन की और सभी जिलों मे करीब 30 हजार विकलांगजन है लेकिन फिर भी हमारी बात आपकी सरकार नही सुन रही है 7 हम सभी मध्यप्रदेश के लाखों विकलांगजनों ने सरकार के प्रतिनिधि विधायक जी सांसद जी तक पेंशन वृद्धि के आवेदन ज्ञापन दिए लेकिन अभी तक कोई सुनबाई नही हुई है । इस ज्ञापन के माध्यम से मेरी पहली माँग है की सरकार द्वारा जो घोषणा विधानसभा चुनाव में की गयी थी की ÷मोदी जी की गारंटी यानि गारंटी पूरी होने की गारंटी में वरिष्ठजन एवं दिव्यांग जन को 1500 रूपये मासिक पेंशन देने की बात कही गयी थी उसको अभी तक लागू नही किया गया है उस अधिसूचना को आप माननीय मुख्यमंत्री जी प्रमुखता से जारी कराने का कष्ट करें । इसी क्रम में दूसरा अनरोध था की मध्यप्रदेश मे अभी तक किसी भी जिले मे विकलांग जनों के लिए कोई विशेष भर्ती नही कराई गयी है हर जिले में अनेक पद रिक्त है प्रदेश सचिव ने अनुरोध किया है की प्रत्येक जिले में रिक्त पदों के लिए विशेष निशक्तजन भर्ती अभियान चलाये जिससे प्रदेश के होनहार शिक्षित विकलांग भाई बहिन को रोजगार मिल सके ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह भानुप्रताप सचिव गंगा सिंह बघेल विपिन भदौरिया अनुज शर्मा टिंकू यादव आदि ।

# 08 व 09 मार्च को खरगोन मण्डी में अनाज व कपास की नीलामी बंद रहेगा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कृषि उपज मण्डी खरगोन में 08 मार्च शुकवार को महाशिवरात्रि एवं 09 मार्च को शनिवार को बैंक बन्द होने से अनाज और कपास निलामी कार्य बन्द रहेगा। इस संबंध में मण्डी सचिव श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने समस्त किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि मंडी व्यापारी संघ खरगोन के आवेदन अनुसार 08 व 09 मार्च को अनाज व कपास नीलामी कार्य में भाग नहीं लिया जाएगा। अतः असुविधा से बचने के लिए कृषक बन्धु अपनी कृषि उपज अनाज व कपास मण्डी प्रांगण खरगोन में विकय के लिए ना लायें।

# नगर परिषद अधिकारी द्वारा शासकीय कार्यक्रमों की खानापूर्ति



**क्रांति अग्रवाल/मधुसूदनगढ़।**

नगर परिषद मधुसूदनगढ़ भारतीय जनता पार्टी के डेढ़ वर्ष पूर्व चुनी गई नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद है आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन का पश्चिम बंगाल से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सीधा प्रसारण देश भर में लाइव दिखाया जाना था,देश भर की नगर पालिकाओं, नगर परिषद पंचायतों में इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना तय था। लेकिन नगर परिषद मधुसूदनगढ के अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यक्रमों की भी किस प्रकार अवहेलना की जा रही है यह लगातार देखने में आ रहा है। नगर परिषद में देश के प्रधानमंत्री के संबोधन का यह कार्यक्रम मात्र औपचारिकता के रूप में किया गया। ना तो नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद नगर परिषद सीएमओ कोई भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे,और ना ही कार्यक्रम में अतिथियों अथवा स्व सहायता समूह का किसी भी प्रकार से सम्मान किया गया । अतिथि के रूप में महिला मोर्चा जिला महामंत्री संगीता गर्ग प्रदेश संगठन के आदेश अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित रही। किंतु किसी भी तरह से कार्यक्रम की गरिमा का पालन कार्यक्रम में नहीं हुआ। कार्यक्रम मात्र औपचारिकता रही, जहां एक एलईडी के माध्यम से स्व सहायता समूह की 10 से 15 महिलाओं को आमंत्रित कर प्रधानमंत्री का संबोधन एलईडी पर लगा दिया गया । सरकारी अधिकारियों के द्वारा पूर्व में भी भारत विकसित यात्रा के आयोजन में अनुपस्थिति भी चर्चा में रही है जबकि कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रियंका मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही थी। प्रदेश और केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और नगर में नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष भी भारतीय जनता पार्टी के हैं ऐसी स्थिति में भी नगर परिषद में केंद्र और पार्टी के कार्यक्रमों का इस तरीके से मखौल बनाया जा रहा है। एक तरफ पार्टी, प्रदेश और देश की सरकार है जो महिलाओं को आरक्षण के माध्यम से संसद में सहभागिता का विधेयक पारित कर मौका दे रही हैं और दूसरी तरफ प्रशासन।अभी तक के पूरे कार्यकाल मे उपलब्धि के नाम पर नगर परिषद में सिर्फ आरोप प्रत्यारोप की राजनीति ही है।तीन से चार बार सी एम ओ की अदला-बदली होने के पश्चात भी नगर परिषद अभी तक बस स्टैंड और गौशाला के लिए भूमि चयन पर ही अटकी हुई है।

# औद्योगिक क्षेत्र में अग्नि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने कलेक्टर ने किया जांच दल का गठन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बुधवार को कसरावद तहसील के निमरानी औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम पीपलझोपा में स्थित एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री परिसर में स्थित टैंकर में अचानक आग लग गयी थी। जिसके कारण काफी समय तक आग की लपटे एवं धुएँ का गुबार निकल रहा था। जिस पर जिला प्रशासन की सजगता, सर्तकता एवं तत्परता से शीघ्रता से ही काबू पा लिया गया।यह अग्नि दुर्घटना किन कारणों से हुई है इसकी जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने कसरावद एसडीएम श्री अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में जांच दल गठित किया है। अग्नि दुर्घटना की जांच के लिए गठित टीम में कसरावद एसडीएम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र खरगोन के महाप्रबंधक, जिला आपूर्ति अधिकारी खरगोन, जिला वाणिज्यिक कर अधिकारी खरगोन, संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग इंदौर, जिला श्रम पदाधिकारी खरगोन, कसरावद थाना प्रभारी, सेल्स ऑफिसर इंडियन आईल कम्पनी खरगोन के श्री ललित कुमार राय एवं रीजनल मेनेजर म.प्र.प्रदुषण बोर्ड इन्दौर के श्री द्विवेदी को शामिल किया गया है।

**जांच दल बिन्दुवार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे-** गठित जांच दल अग्नि दुर्घटना के कारणों की सुक्ष्मता से जांच कर बिन्दुवार स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन 3 दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगें। गठित जांच दल एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री किस नाम रजिस्टर्ड होकर कब से संचालित है। एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री की आवश्यक समस्त एनओसी की वैधता अवधि में है या वैधता की अवधि निकल चुकी हैं। एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री में आग दुर्घटना का मुख्य कारण क्या रहा है। आग दुर्घटना में कोई लापरवाही होना पायी गई है। यदि हां तो किस

# शिव समस्त चराचर में स्पंदन व प्राण रूप में विद्यमान हैं।

सृष्टि में प्रेम, आनंद और सौंदर्य के प्रदाता साक्षात् श्री शिव हैं। शिव जी एक महायोगी हैं और वे सदैव ही अपने आनंद में समाधि में लीन रहते हैं। वे सृष्टि के निर्माण की इच्छा तो करते हैं परंतु निर्माण व विकास की प्रक्रिया के प्रति साक्षी स्वरूप रहकर उससे अलग रहते हैं। परंतु वे समस्त चराचर में स्पंदन व प्राण स्वरूप उपस्थित होते हैं, अतः शिव तत्व आनंद के रूप में समस्त सृष्टि में व्याप्त रहता है। शिव का साक्षात् प्रत्यक्षीकरण तारों की टिमटिमाहट- रूपी डिमडिम में, ग्रहों के नृत्य में, सूर्य के प्रकाश में पृथ्वी की ऋतुओं के श्रृंगारयुक्त नाट्य में, चन्द्रमा की कलाओं में, विद्युत की क्रीड़ा में, वसंत की मंद सुगंधित वायु के झकोरों में, पुष्पों के हास्य में, समुद्र की तरंगों में, हिमपात के हिमकणों के नर्तन में, आंधी तूफानों की गति में, नदियों के कल-कल निनाद में, पर्वतों के श्रृंगार में, शस्य - श्यामा धरती के आंचल में . पक्षु पक्षियों की अटखेलियों में और मनुष्य की मस्तीभरी चालों में, सर्वत्र विद्यमान है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने श्री शिव का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है

# होम स्टे योजना से पर्यटन और रोजगार मिलेगा बढ़ावा - डॉ सोनवणे

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा होम स्टे योजना की एक दिवसीय कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट में आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि होम स्टे योजना से पर्यटन और रोजगार को बड़ावा मिलेगा। रीवा सहित पूरे विन्ध्य क्षेत्र में मनोरम, प्राकृतिक स्थल, सुंदर वन और मनोहारी जल प्रपात हैं। कई प्राचीन किले एवं मंदिर भी इस क्षेत्र में स्थित हैं। यहाँ पर्यटन उद्योग के विकास की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटन के विकास से इस पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है। होम स्टे योजना पर्यटन को बड़ावा देने के लिए सराहनीय नवाचार है। देश के कई राज्यों में होम स्टे सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। सीधी जिले के पोखरा गांव के होम स्टे को हाल ही में पुरस्कृत किया गया है। पन्ना जिले के मड़ला पर्यटक ग्राम में भी कई शानदार होम स्टे हैं। अपने घर के अलावा यदि किसी के पास अतिरिक्त आवास की सुविधा है तो थोड़े से संसाधन



लगाकर होम स्टे शुरू किया जा सकता है। प्रदेश में कई स्वसहायता समूह भी होम स्टे सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि देशी और विदेशी पर्यटकों की रूचि लगातार बदल रही है। पर्यटक अब पर्यटन के दौरान घर जैसी आवासीय सुविधा और वातावरण चाहते हैं। होम स्टे इस मांग को भलीभांति पूरा करते हैं। इसलिए होम स्टे के विकास की अच्छी संभावना है। इस योजना के तहत पंजीयन कराकर पर्यटन के विकास में योगदान देने के साथ अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है। कार्यशाला में संयुक्त संचालक पर्यटन विकास निगम प्रशांत सिन्हा ने होम स्टे योजना के प्रावधानों, ऑनलाइन पंजीयन, ग्रामीण पर्यटन तथा पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में रीवा में होम स्टे संचालित करने वाले सेवानिवृत्त कैप्टन अनुराग सिंह ने अपने अनुभव सुनाए। कार्यशाला में सार्थक त्यागी ने पुरवा जल प्रपात तथा ग्राम गोदहा में बनाए गए होम स्टे की जानकारी दी। होम स्टे संचालित करने वाले स्वसहायता समूह के सदस्यों ने भी अपने अनुभव सुनाए। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, पर्यटन से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शांति और सद्भाव के साथ सभी त्यौहार मनाएं - अपर कलेक्टर

# सभी त्यौहारों में सुरक्षा और यातायात के रहेंगे उचित प्रबंध - एएसपी

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि, रमजान और ईद, होली, नवरात्रि रामनवमी, महावीर जयंती, झूलेलाल जयंती तथा अन्य पर्वों के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्यौहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा सभी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं। त्यौहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें। त्यौहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं। इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इसके साथ-साथ आयोजक, प्रशासन और जनता को सहयोग देने के लिए अपने स्वयंसेवक भी परिचय पत्र देकर तैनात रखें। सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। अपर कलेक्टर ने कहा कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन के लिए लक्ष्मणबाग संस्थान में निर्मित गौ काष्ठ नगर निगम के



माध्यम से निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। होलिका दहन करने वाली सभी संस्थाएं और समितियाँ नगर निगम में गौ काष्ठ की मात्रा की जानकारी उपलब्ध करा दें जिससे उन्हें समय पर गौ काष्ठ दी जा सके। इससे पर्यावरण की सुरक्षा होने के साथ-साथ गौसेवा भी होगी। विभिन्न त्यौहारों के दौरान नगर निगम प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई कराएगा। नगर निगम द्वारा बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने कहा कि चल समारोहों, जुलूस तथा बड़े आयोजनों की सूचना एसडीएम कार्यालय तथा पुलिस थाने को अवश्य दें। आवेदन में जुलूस के मार्ग, समय तथा उसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों और वाहनों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अवश्य करें। होलिका दहन करने वाली समितियाँ भी प्रशासन को सूचना अवश्य दें। त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए जाएंगे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा ने विभिन्न त्यौहारों के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने होलिका दहन के लिए गौ काष्ठ के उपयोग का सुझाव दिया। बैठक में जगन्नाथ मंदिर तथा संस्कृत कालेज में आयोजित कार्यक्रम, रमजान में सभी मस्जिदों की ओर जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, शिव बारात में सुरक्षा व्यवस्था, होली के दिन पानी की अतिरिक्त आपूर्ति, नवरात्रि में रानी तालाब मंदिर परिसर मेले तथा शिवरात्रि में विभिन्न स्थलों में आयोजित होने वाले मेलों के संबंध में सुझाव दिए गए। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं - कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन में कोई भी कार्यालय डी श्रेणी में न रहे - कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी दो दिवस में पोर्टल में दर्ज करा दें। साथ ही सभी के नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। लोकसभा चुनाव की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। सभी एसडीएम बीएलओ की बैठक लेकर मतदाता सूची के संशोधन और परिवर्धन का कार्य कराएं। दिव्यांगों तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की मतदान केन्द्रवार सूची तैयार कराएं। मतदाता सूची से मृतक एवं बाहर चले गए मतदाताओं के नाम अलग करने की कार्यवाही तत्परता से करें। साथ ही पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए भी विशेष प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का सभी अधिकारी नियमित निराकरण करें। अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों तथा फरवरी एवं मार्च माह की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कोई भी कार्यालय सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में डी श्रेणी में न रहे। सभी एसडीएम राजस्व विभाग के सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। किसान सम्मान निधि की हाल ही में राशि जारी की गई है। जिन किसानों को राशि प्राप्त हो गई है उनके प्रकरण संतुष्टिपूर्वक बंद कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई हैण्डपंपों के सुधार तथा नलजल योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भुगतान से संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। प्रकरणों के निराकरण की स्वयं समीक्षा करें। आयुक्त नगर निगम तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी



सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण पर ध्यान दें। जिला शिक्षा अधिकारी अतिथि शिक्षकों के लिए आवंटित बजट से लंबित बिलों का भुगतान कराकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग का वेतन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकृत होने तक रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के विभिन्न कार्यपालन यंत्रियों तथा आबकारी निरीक्षक सिरमौर को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान में बड़ी संख्या में प्रकरण निराकृत किए गए हैं। अभी भी हजारों प्रकरण ई केवाईसी न होने के कारण लंबित हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी जनपदों की समीक्षा करके ई केवाईसी के प्रकरण निराकृत कराएं। सभी एसडीएम भी अपने स्तर से इसके लिए प्रयास करें। कलेक्टर ने मजदूरों के पंजीयन के 71 प्रकरण लोकसेवा गारंटी योजना की समय सीमा से बाहर होने पर रीवा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 6 मार्च को कलेक्टर्स कान्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इसके एजेण्डा बिन्दुओं से संबंधित अद्यतन जानकारी सभी अधिकारी आज ही प्रस्तुत कर दें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मिलावट के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट को पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। जल जीवन मिशन तथा पीएचई विभाग की नलजल योजनाओं के लिए जिन स्थानों में टंकियाँ बनाई जानी हैं वहाँ भूमि उपलब्ध कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार तीन दिवस में इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, वर्षा और ओलावृष्टि से उत्पन्न स्थिति, भूअर्जन के प्रकरणों के निराकरण, राजस्व वसूली तथा पटवारियों के प्रशिक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पिछोर जनपद में हुआ प्रधानमंत्री नारी शक्ति वंदन का लाइव कार्यक्रम

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



पिछोर, जनपद पंचायत के सभागार में राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन ,नगर पंचायत, महिला बाल विकास के समूहों की सदस्यों को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के द्वारा लाइव टेलीकास्ट किया गया जिसमे मोदी जी ने कहा की देश भर में लाखों बहिने भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से आज हमारे इस कार्यक्रम में जुड़ी हुई है,जो दूर-दूर अपने गांव में टेक्नोलॉजी के माध्यम से इस कार्यक्रम में भागीदारी हुई हैं। उन सभी बहनों को वंदन करता हूं हमारा प्रयास है कि गांव में रहने वाली उन सभी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है। हमारा देश में तीन करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है ,जब गांव-गांव में लखपति दीदी होगी तो तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल जाएगी ।अभी तक देश में हम एक करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने में सफल हुए हैं। सरकार महिलाओं के लिए नमो ड्रोन देगी,जो खेती के कार्य को आसान बनायेगी, महिला सुरक्षा मोदी की गारंटी है। लाइव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती राजकुमारी लोधी जिलामंत्री भाजपा, तथा विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह यादव किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, पूनम सोनी पार्षद तथा वरिष्ठ भाजपा नेता,आशीष चौधरी विधायक प्रतिनिधि,मुकेश पंसारी मंडल महामंत्री,राम रतन लोधी, इसके साथ ही पिछोर सीएमओ आनन्द शर्मा, अजीविका विभाग से राजेंद्र धाकड़ वि. ख .प्रबंधक, सुनीता आनंद, कल्पना गौर, सरदार वेग, नीरज कुशवाह, संजीव गुप्ता, विजय राम लोधी आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुऐ।

# भारतीय शिक्षा की सनातन दृष्टि पुस्तक का विमोचन आज

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के प्रादेशिक सचिव एवं शिक्षाविद शिरोमणि दुबे की पुस्तक भारतीय शिक्षा की सनातन दृष्टि का विमोचन आज सरस्वती विद्यापीठ फतेहपुर रोड शिवपुरी में सायंकाल 4ः00 बजे से प्रारंभ होगा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की शिवपुरी इकाई के तत्वाधान में



आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.के. श्रीवास्तव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे ।इस साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलसचिव डॉ.आर के वर्मा करेंगे।तथा विशिष्टअतिथि के रूप में हिंदी के पूर्व प्राध्यापक एवं साहित्यकार डॉ.सतीश चतुर्वेदी शांकुतल मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य परिषद की अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्रीधर पड़ारकर उपस्थित रहेंगे।जानकारी के अनुसार शिरोमणि दुबे जी की यह दूसरी पुस्तक का विमोचन किया जा रहा है इससे पहले पहली पुस्तक का विमोचन भोपाल में किया जा चुका है ।दुबे जी लंबे समय तक शिवपुरी जिला परियोजना समन्वयक के पद पर कार्य कर चुके हैं।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

# पुलिस थाना रन्नौद द्वारा मार्शल कार मे 20 पेटी देशी शराब सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी संजीव मुले के निर्देशन में एसडीओपी महोदय कोलारस विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनाँक 05.03.2024 को रात्रि मे गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि मघना तरफ से एक सिल्वर कलर की मार्शल जिसका नंबर ऋछ20 0610 है जिसमें शराब की पेटियाँ भरी है जो रन्नौद तरफ को आ रही है। मुखविर सूचना की तस्दीक हेतु दिनांक 06.03.2024 को मथना घाटी पर चेकिंग लगाई गई करीब दस मिनट बाद मघना तरफ से एक चार पहिया वाहन आता दिखा जिसे रोका तो चालक के बगल मे बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया मार्शल जिसका नंबर



ऋछ200610 के चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रामबाबू पुत्र ग्यारसी परिहार उम्र 40 साल निवासी ग्राम बघारी थाना मायापुर का होना बताया मार्शल को चेक किया तो 20 पेटी देशी मदिरा मसाला की कुल शीलबंद 1,000 क्वाटर ( 180 लीटर) कीमती 90,000 रूपये की मिली आरोपी से शराब रखने के संबंध में लायसैन्स चाहा गया तो उसके पास कोई लायसेन्स नही मिला अवैध शराब होने से 20 पेटी देशी मदिरा मसाला एवं मार्शल क्र. ऋछ200610 को जप्त किया जाकर आरोपी रामबाबू ज़ परिहार को गिरफ्तार किया गया है। भागे हुये आरोपी गोपाल लोधी की तलाश की जा रही है। आरोपी रामबाबू परिहार व गोपाल लोधी के विरुद्ध थाना रन्नौद पर अपराध क्र. 42 / 24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया है।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रन्नौद उनि अरविन्द सिंह चौहान, सउनि ब्रजमोहन सैलर, सउनि संदीप कुजूर, प्रआर 545 विजय कटारे, प्रआर 198 अख्तर खान, आर. 930 मंजीत मलिक, आर. 716 दीपक सिंह तोमर, आर. 1086 राजवीर, आर. 191 वकील, आर. 846 महेश पटेलिया, आर. 524 गौरीश आर. चा. 383 रनवीर सिंह यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

## किसान एवं सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

# मुख्ड़यमंत्री व्ड़दारा सिंगल क्लिक से सीएम किसान सम्मान निधि की राशि पहुंचाई जिले के 2 लाख 72 हजार से अधिक किसानों के खातों में 54 करोड की राशि अंतरित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- प्रदेश के मुख्ड़यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भिंड में आयोजित कार्यक्रम को सम्ड़बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी सामान्ड़य कॉलेजों मे अब कृषि संकाय के अध्ड़यापन की सुविधा भी उपलब्ड़ध कराई जाएगी। उन्ड़होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्ड़द्र मोदी ने 22 करोड लोगो को प्रधानमंत्री आवास बनाकर दिए है। प्रधानमंत्री ने दुनिया में देश का मान सम्ड़मान बढाया है।मुख्ड़यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किसान कल्ड़याण योजना के तहत प्रदेश के 80 लाख से अधिक किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्ड़यम से 1816 करोड रूपये की राशि अंतरित की। उन्ड़होने फसल बीमा योजना खरीफ 2023 के तहत 25 लाख से अधिक किसानों को 755 करोड रूपये की राशि भी अंतरित की। सीएम किसान सम्मान निधि योजना



में शिवपुरी जिले के 2 लाख 72 हजार 842 किसानों को 54 करोड की किसान सम्ड़मान निधि की राशि भी अंतरित की गई है। जिला स्ड़तरीय कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन तथा अन्ड़य अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्ड़य नागरिक एवं और किसान हितग्राही भी उपस्थित थे। जिला स्ड़तरीय कार्यक्रम में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्ड़यम से भिंड से मुख्ड़यमंत्री डॉ.मोहन यादव के कार्यक्रम एवं उदबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने देखा व सुना। जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने जिला स्ड़तरीय कार्यक्रम को सम्ड़बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के कल्ड़याण के लिए अनेक कदम उठाए है। किसान को आर्थिक रूप से आत्ड़मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न योजनाओं से किसानों को जोडा जा रहा है। इससे किसान आत्ड़मनिर्भर बन रहे है। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्ड़वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ड़जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# जन्मदिन मनाने का आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप के नवीन जिला सह मंत्री संतोष कुशवाह ने अपने जन्मदिन पर 17 यूनिट रक्तदान करा



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी,जन्मदिन की मिशाल पेश की।आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप के संचालक आदित्य चंदेल अद्यक्ष योगेश जैन मीडिया प्रभारी विशाल कस्यप का कहना है कि इसी तरह सभी लोग अपने जन्मदिन पर अगर रक्तदान के शिविर का आयोजन करे तो रक्त की समस्या से लड़ा जा सकता है जिससे रक्त की कमी किसी हद तक कम हो सकती है संतोष कुशवाह के जन्मदिन पर रक्तदान करने वाले रक्तवीर,रवि ,सोनू,मंगल,संतोष,विष्णु,संतोष,आनंद,जगननाथ, नरेंद्र,,केशव,मोहन,राकेश, दयाराम,श्रीमती विनीता,दौलत,श्रीमती गोरा कुशवाह,नंदकिशोर कुशवाह ने रक्तदान कर मनाया संतोष कुशवाह का जन्मदिन।आर्यन्स ब्लड डोनेशन ग्रुप संतोष कुशवाह एवं कुशवाह परिवार का बहुत बहुत धन्यवाद करता है,एवं श्रीराम कटारे,एवं मामाजी का भी बहुत बहुत धन्यवाद करता है जिनकी मेहनत से यह शिविर का आयोजन सफल हुआ

# भारत में वन्य संरक्षण- एडवोकेट शिवानी जैन

वन्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाने चाहिए। वृक्षों का चयन क्षेत्र विशेष की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार करना चाहिए तथा वृक्षों के विकास के दौरान उचित देखभाल करनी चाहिए। वन संरक्षण के लिए वानिकी एवं वन उत्पादों के दोहन की रोकथाम आवश्यक है।वन संरक्षण के कुछ तरीके विनियमित और नियोजित वनों की कटाई, पुनर्वनीकरण,जंगल की आग पर नियंत्रण। वन एवं वन उत्पादों का समुचित उपयोग,वन प्रबंधन और सतत विकास से ही वन्य संरक्षण संभव है।भारत के शीर्ष सबसे बड़े वन हैंः सुंदरवन, गिर वन राष्टीय उद्यान, सेक्रेड ग्रोव, खासी हिल्स, नामदाफा राष्टीय उद्यान और जिम कॉर्बेट राष्टीय उद्यान है।वन आवरण सरकार द्वारा वन के रूप में घोषित कुल भौगोलिक क्षेत्र है। 2021 तक, भारत में कुल वन क्षेत्र 80.9 मिलियन हेक्टेयर है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.62 प्रतिशत है।बरगद के पेड़ (फ़िकस बेंघालेंसिस) को अक्सर भारत में ÷पेड़ों का राजा÷ कहा जाता है।मैंग्रोव वन का वन क्षेत्र देश में सबसे कम है। ट्रॉपिकल थॉर्न फ़ॉरेस्ट एक प्रकार का रेगिस्तानी जंगल है जिसमें झाड़ियाँ जैसी वनस्पति होती है।वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 ,25 अक्टूबर 1980 से लागू हुआ। इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत, गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिए वन भूमि के डायवर्जन के लिए केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी आवश्यक है।

# बंगाल पर दहाड़,मणिपुर पर खामोशी ?


तनवीर जाफरी

3 मई 2023 यानी दस महीनों से डबल इंजन की सरकार वाला राज्य मणिपुर सुलग रहा है। पूरा राज्य साम्प्रदायिक हिंसा की चपेट में है वहां गृह युद्ध जैसे हालात हैं। क्या मंत्री क्या अधिकारी क्या पुलिस ऑफिसर तो क्या सैन्याधिकारी क्या थाना तो क्या मंत्री निवास कुछ भी सुरक्षित नहीं। पुलिस थानों से हथियार तक लूटे जा चुके। इन्हीं हिंसक झड़पों के दौरान सैकड़ों चर्च और एक दर्जन से अधिक मंदिरों को भी तोड़ दिया गया। कई गांव के गांव आग के हवाले कर दिये गये।

लोकसभा के आम चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनेताओं ने चुनावी सभायें,रैलियां व रोड शो करने शुरू कर दिये हैं। साम्प्रदायिक व जातीय ध्रुवीकरण,लोभ-लालच,सुनहरे सपने दिखाने,धार्मिक भावनायें भड़काने, विपक्षी नेताओं को अपमानित करने उन्हें डराने धमकाने व खरीदने का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल जहां हर सूरत में स्वयं को सत्ता में बनाये रखना चाहता है वहीं विपक्ष, सत्ता हासिल करने के लिये कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी बिगुल फूंकने के बाद पिछले दिनों बंगाल राज्य का दौरा किया। उन्होंने यहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां जनसभा की और जैसी कि उम्मीद थी उन्होंने संदेशखाली हिंसा के मामले पर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने यहां तक कहा कि संदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए। खबरों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर आरोप है कि उसने संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार किये और आदिवासियों की जमीनें हड़प लीं। यदि यह आरोप सही है तो निश्चित रूप से आरोपी किसी भी दल या समुदाय का क्यों न हो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये और कानून के मुताबिक उसे सजा जरूर मिलनी चाहिये। फिलहाल आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ़्तार भी किया जा चुका है और तृणमूल कांग्रेस से उसे छः वर्षों के लिये निष्कासित भी किया जा चुका है।

परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि - आज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है ? कुछ लोगों के वोट से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ था।



उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने I. N. D. I. A. पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि - इंडी गठबंधन के बड़े-बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं? मोदी ने कांग्रेस और I. N. D. I. A गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं।

भाजपा काफी लम्बे समय से बंगाल में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश कर रही है। राज्यों में सुशासन की दुहाई देते हुये भाजपा ने डबल इंजन की सरकार जैसा एक नया शगूफा छोड़ा है। केवल भाजपा या उसके नेता ही नहीं बल्कि देश का मीडिया भी इस समय संदेशखाली प्रकरण को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने इसे साम्प्रदायिक रंग देने व ममता बनर्जी को एक विलेन के रूप में पेश करने में व्यस्त है। परन्तु बड़ा आश्चर्य है कि न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज तक मणिपुर की हिंसक घटनाओं पर कोई प्रतिक्रिया देते सुना गया न ही मुख्य धारा का मीडिया मणिपुर की घटनाओं को तवज्जोह दे रहा है। गौर तलब है कि 3 मई 2023 यानी दस महीनों से डबल इंजन की सरकार वाला राज्य मणिपुर सुलग रहा है। पूरा राज्य साम्प्रदायिक हिंसा की चपेट में है वहां गृह युद्ध जैसे हालात हैं। क्या मंत्री क्या अधिकारी क्या पुलिस ऑफिसर तो क्या सैन्याधिकारी क्या थाना तो क्या मंत्री निवास कुछ भी सुरक्षित नहीं। पुलिस थानों से हथियार तक लूटे जा चुके। इन्हीं हिंसक झड़पों के दौरान सैकड़ों चर्च और एक दर्जन से अधिक मंदिरों को भी तोड़ दिया गया। कई गांव के गांव आग के हवाले कर दिये गये। इसी डबल इंजन की सरकार वाले राज्य मणिपुर से दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने की वीडियो ने पूरे देश को शर्मसार किया। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार वहां प्रत्येक व्यक्ति शस्त्रधारी हो चुका है। मणिपुर हिंसा पर खामोशी बरतने वाले प्रधानमंत्री ने मणिपुर की दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न करने के घटना पर मानसून सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए केवल इतना कहा कि इस घटना ने भारत को शर्मसार कर दिया है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। मणिपुर में इस समय लाखों लोग घर से बेघर हो चुके हैं सैकड़ों लोगों की जानें जा चुकी हैं। अनेक महिलाओं के साथ बलात्कार हुये हैं ।

परन्तु चूँकि मणिपुर में मामला बहुसंख्यक मैतेई और अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के बीच का है। यहां जातीयता का संघर्ष है धर्म का नहीं। मणिपुर में भाजपा का शासन है और राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से हैं। मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों में से 40 सीटों पर मैतेई समुदाय का दबदबा है क्योंकि उनकी जनसंख्या कुल आबादी की 53 प्रतिशत है। शेष कुकी या नागा जैसे समुदाय अल्पसंख्यक श्रेणी में आते हैं। परन्तु चूँकि यहां शेख शाहजहां नामधारी कोई चरित्र सामने नहीं इसलिये न तो राज्य की भाजपा सरकार पर कोई इलजाम है न ही तुष्टीकरण के कोई आरोप न ही भ्रष्टाचार व परिवारवाद व अपराधीकरण की कोई शिकायत। गोया जिस मणिपुर की हिंसा की चर्चा पूरे विश्व में हुई,जिस मणिपुर की घटना से पूरी दुनिया में देश की बदनामी हुई वर्तमान सत्ता के लिये वह मणिपुर नहीं बल्कि बंगाल का संदेशखाली प्रकरण बड़ी चिंता का विषय है। जबकि हकीकत यह है कि गत दस महीनों में शायद ही कोई दिन ऐसा बीता हो जिस दिन मणिपुर से हिंसा,हत्या,आगजनी या बलात्कार की खबरें न आई हों। परन्तु प्रधानमंत्री से लेकर मीडिया तक और सत्ता के चाटुकार लेखक पत्रकार व समीक्षक सभी बंगाल के संदेशखाली मुद्दे पर तो खूब दहाड़ रहे हैं परन्तु उन्हीं पर मणिपुर हिंसा को लेकर कुछ इस तरह की खामोशी छाई हुई है मानो मणिपुर भारत का राज्य ही न हो ? राजनीति में दोहरे मापदण्ड अपनाने का इससे बड़ा दूसरा उदाहरण और क्या हो सकता है ?

## संपादकीय

### चुनाव जीतने वालों पर दांव

'इम्तिहान में केंद्र पर वक्त से पहुंचने वाले छात्रों को इत्मिनान रहता है। उन्हें अकारण तनाव से बचने के लिए समय मिल जाता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10वीं-12वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को सहजता साधने का जो गुरु मंत्र दिया था, उसे उनकी पार्टी भाजपा ने लोक सभा के 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने में भी लागू किया है। चुनाव भी कड़ा इम्तिहान है। केंद्र पर पहले पहुंचने वालों के परफाम्रेस बेहतर होने की उम्मीद रहती है। ध्यान दीजिए कि भाजपा ने अपनी पहली सूची तब जारी की है, जब चुनाव की अधिसूचना तक जारी नहीं हुई है। ऐसा कर उसने अपनी तैयारी के मुकम्मल होने की आस्ति दी है। इस फ्रंट पर वह कांग्रेस समेत बाकी राजनीतिक दलों से काफी आगे है, जहां सीटों के नम्बर तय करने या शेयरिंग पर ही बातचीत अटक रही है। यहां उनसे भाजपा ने पहली बढ़त ले ली है। उसकी पहली सूची में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल आदि राज्यों के प्रत्याशी तय किए गए हैं। उन्हें चयनित करने का पहला ठोस आधार जातिगत समीकरणों के साथ-साथ सांसद के रूप में उनका प्रदशर्न ही रहा है। इस पर खरे न उतरने वाले, चाहे वे केंद्रीय मंत्री हों या सांसद, उनके टिकट काट दिए गए हैं। वंचितों में मीनाक्षी लेखी, रामेर तेली और जॉन बारला मंत्री हैं जबकि 34 मंत्रियों पर फिर से भरोसा जताया गया है। वहीं, 33 सांसद सूची से बाहर हैं। सबसे अधिक मध्य प्रदेश में सात निवर्तमान सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया गया है। दूसरी बात, सूची में विभिन्न नये क्षेत्रों के व्यक्तियों-मेयर, समाजसेवी, वकील (बांसुरी स्वराज) आदि-पर भरोसा किया गया है। शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से केंद्र में लाने की तैयारी है। कुछेक सांसदों के क्षेत्र बदल दिए गए हैं। इसके पीछे दृष्टिकोण यही है कि वे भाजपा की 400 पार वाली हैट्रिक दिला सकने की क्षमता रखते हैं। इसकी गारंटी वालों पर ही दांव लगाया गया है। इसी आधार पर आसनसोल से घोषित भोजपुरी सिनेमा के नायक पवन सिंह से उम्मीदवारी वापस कराई गई है। उनके बंगाली महिलाओं पर गाने आदि को देखते हुए जीतने की संभावना संदिग्ध थी। जब एक-एक बूथ अहम है, तो वहां सीट हारने का रिस्क कैसे लिया जा सकता है। यह उदाहरण इसकी संभावना जगाता है कि सूची में फेरबदल हो सकती है। कुछ नाम इनमें शामिल नहीं हैं, उन्हें कहीं और से प्रत्याशी बनाया जा सकता है। मीनाक्षी लेखी पंजाब से प्रत्याशी हो सकती हैं।



## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# टिकट वितरण में अग्रो-अग्रो भाजपा


राकेश अचल

लोकसभा चुनाव 2024 का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित होने से पहले भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी। कांग्रेस हमेशा की तरह इस मामले में फिर पिछड़ गयी। कांग्रेस में निर्णय लेने की अपनी शैली है।अब आप कह सकते हैं अग्रो-अग्रो भाजपा । भाजपा की हमेशा आगे बने रहने की ललक ही है जो कांग्रेस को लगातार सत्ता से दूर रखे हैं।

भाजपा की पहली सूची में मप्र के तमाम दिग्गजों को टिकट दे दिया गया और अनेक का टिकट काट भी दिया गया। ये कतर-ब्योंत कोई नयी बात नहीं है। ये न हो तो नये लोगो को मौका ही न मिले। लेकिन भाजपा ने पहली सूची में मप्र के कुछ ऐसे कार्यकताओं पर भी दांव लगाया है, जो किसी भी दृष्टि से जीतने लायक नहीं है।

मप्र में पिछले आम चुनाव में 29 में से 28 सीटें जीतीं थी, लेकिन पहली सूची से लगता है कि भाजपा इस बार मप्र के भरोसे नहीं है। या फिर भाजपा के पास ऐसा कोई जादू है जिसके बल पर किसी भी प्रत्याशी को जिताया जा सकता है। ग्वालियर - चंबल संभाग से ही शुरू करें तो मुरैना सीट से पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया गया है। मुरैना से अब तक मप्र विधानसभा के नये अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सांसद थे। पार्टी ने तोमर को संसद से विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर लिया। शिवमंगल इन्हीं नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। शिवमंगल की छवि नरेन्द्र सिंह तोमर के एजेंट जैसी है। पार्टी में उनका अपना कोई खास वजन नहीं है। कांग्रेस शिवमंगल को आसानी से पराजित कर सकती हैं, लेकिन यदि मुरैना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी खुद चुनाव लड़ें तो बात अलग है। क्योंकि मुरैना -श्योपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में से आधे पर कांग्रेस का कब्जा है।

भाजपा के गढ़ ग्वालियर सीट पर वर्तमान सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का टिकट काट कर हाल ही में विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है।भारत सिंह भी पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। मिडिल पास हैं।वे शेजवलकर के मुकाबले बेहतर कैसे मान लिए गए, ये समझना मुश्किल है। कांग्रेस यदि यहां समझदारी से प्रत्याशी लाए तो पासा पलटा जा सकता है। यहां भी मोदी जी का चेहरा दांव पर लगा दिया गया है।

गुना सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया गया है। सिंधिया को हराने वाले भाजपा के वर्तमान सांसद केपी सिंह ही नहीं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भी अवाक हैं।जिन कार्यकताओं ने सिंधिया को हराया था उन्ही के कंधों पर अब सिंधिया को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर है भाजपा अपने कार्यकताओं को बंधुआ समझती है।

आपको याद होगा कि भाजपा ने 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया इस समय राज्य सभा के सदस्य हैं। उनके स्थान पर सिंधिया के बेटे या बुआ को भी चुनाव लड़ाकर जीत तय की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।अब सिंधिया के बेटे को पांच साल और प्रतीक्षा करना होगी। इस चुनाव में सिंधियाशाही की अग्निपरीक्षा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को खुद भी जीतना है और बाकी की तीन सीटें भी जिताना है।

भाजपा के शीर्ष नेता चाहकर भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को मैदान से नहीं हटा सके । फग्गनसिंह कुलस्ते की जरूरत भाजपा को फिर पड़ी। भोपाल में स्थानीय कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए पूर्व महापौर आलोक शर्मा को प्रत्याशी बनाना पड़ा। जाहिर है कि भाजपा नेतृत्व पर मिशन 400 का भारी दबाव है।

भाजपा को मप्र की सभी 29 सीटों पर विजय के लिए अब जादू ही करना होगा, अन्यथा खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी उलझ सकते हैं। कांग्रेस ने ये सीट समाजवादी पार्टी को दी है। दोनों मिलकर चुनौती तो दे ही सकते हैं। उन्हें भी मोदी नाम ही जिता सकता है।

मप्र की राजनीति की धुरी रहे शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में अपने खास सिपहसालार आलोक शर्मा की लोकसभा में इंट्री सुनिश्चित करने का रास्ता बना दिया तो होशंगाबाद सीट से अपने समर्थक दर्शन सिंह चौधरी को भी टिकट दिला दिया। चौधरी इन दिनों भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और उनके ही समाज (किरार) के हैं। राजगढ़ सीट से सांसद रोडमल नागर को भी पुनः टिकट दिलाने में वे सफल रहे। नागर भी किरार समाज से आते हैं।

सागर से लता वानखेड़े को टिकट दिलाने में भी तोमर-शिवराज की जोड़ी की ही भूमिका रही है। खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह के भारी विरोध के बाद भी दोनों नेताओं ने उन्हें फिर लोकसभा का टिकट दिलवा दिया। सतना से विधानसभा चुनाव में पराजय झेलने वाले गणेश सिंह के लिए भी शिवराज ने ही जोर लगाया।




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा अपने समर्थक आशीष दुबे को जबलपुर, सीधी से राजेश मिश्रा, रतलाम से अनीता चौहान को टिकट दिलाने में सफल रहे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कोटे में उनके अपने टिकट के अलावा कुछ नहीं है। टिकट वितरण में सिंधिया को उनकी हैसियत दिखा दी गई। भले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपना दामाद कहा था लेकिन दामाद को उनके अपने टिकट के अलावा दिया कुछ नहीं। इसे कहते है भई गति सांप - छछूंदर केरी ।

# खेल : बीसीसीआई के फैसले से सुधरेगी घरेलू क्रिकेट


मनोज चतुर्वेदी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा घरेलू क्रिकेट को बचाने की खातिर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने के फैसले ने विवाद का रूप धारण कर लिया है।

बीसीसीआई के इस फैसले की तारीफ और बुराई, दोनों हो रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि घरेलू क्रिकेट लंबे समय से उपेक्षित रही है। प्रायः स्टार खिलाड़ी खाली होने पर भी इसमें खेलना पसंद नहीं करते जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक ट्रॉफी जैसे घरेलू टूनार्मेंटों में खेलना चाहिए। इसके दो फायदे होंगे। पहला, स्टार खिलाड़ियों को देखने की चाहत में दर्शकों की नजर में इसका आकषर्ण बढ़ेगा; दूसरा, युवाओं को उनके साथ खेलने से सीखने को मिलेगा।

इस विवाद में सबसे पहले कूदने वाले पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान रहे। उनका कहना था कि श्रेयस और ईशान, दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और मुझे उम्मीद है कि दोनों जोरदारी से वापसी करेंगे। पर उन्होंने हार्दिक पांड?ा के भी घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने पर कांट्रेक्ट के ए वर्ग में रखे जाने को अनुचित बताया। बाद में बीसीसीआई ने हार्दिक मामले में अपनी सफाई दे दी। वह पीठ की तकलीफ की वजह से रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेलते, इसलिए उनका रणजी में नहीं खेलना गलत नहीं है। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने इस फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट को बचाने के लिए बीसीसीआई को इस तरह का कदम बहुत पहले उठा लेना चाहिए था।




उन्होंने कहा, ह्यमैंने देखा है कि कुछ क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को स्थापित कर लेने के बाद घरेलू क्रिकेट की अनदेखी करते हैं।ह्व इस पूरे विवाद की शुरूआत पिछले साल दिसम्बर माह से हुई। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर थी, बीच दौरे में ईशान ने अपने को टीम से छोड़ने के लिए कहा। बीसीसीआई को भी लगा कि शायद वह अपने को तैयार नहीं पा रहे हैं, इसलिए टीम से हटना चाहते हैं पर इसके पीछे की वजह शायद यह कही जा रही थी कि वह लगातार एकादश से बाहर रखे जाने से नाराज थे। अगर सच में उन्होंने इस कारण हटने का फैसला किया तो शायद उन्हें ही सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है। पहले दो टेस्ट में भरत का बल्ला नहीं चलने पर टीम प्रबंधन ने उनसे आगे देखने का फैसला किया। वह यदि टीम के साथ जुड़े रहे होते तो शायद आज ध्रुव जुरेल की जगह एकादश का हिस्सा होते। अब जुरेल ने काबिलियत साबित कर दी है और अब ईशान का टीम में आना आसान नहीं रहने वाला।

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों में प्रदर्शन नहीं कर पाने पर श्रेयस को तीसरे टेस्ट की टीम में नहीं चुना गया। लेकिन तब ही खबर आई कि श्रेयस की पीठ में तकलीफ है, इस कारण वह बीसीसीआई के निदेर्शों के बावजूद रणजी ट्रॉफी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहे लेकिन इसी बीच वह अपनी आईपीएल टीम केकेआर के साथ आईपीएल की तैयारी करते नजर आए। वहीं ईशान भी रणजी मैचों में नहीं खेले और हार्दिक के साथ आईपीएल की तैयारी करते दिखे। शायद इस कारण बीसीसीआई को उन्हें केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने का सख्त फैसला करना पड़ा। श्रेयस के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि उनके रणजी में नहीं खेलने पर चयन समित ने एनसीए फिजियो से उनकी जांच कराई जिसमें वह फिट पाए गए। पर अब वह रणजी सेमीफाइनल में मुंबई के लिए खेलेंगे पर इसमें एक दूसरी स्टोरी भी है कि श्रेयस अपनी तकलीफ को दिखाने के लिए ही केकेआर कैंप गए थे। इसकी जानकारी मुंबई के कोच को भी थी। ऐसा है तो श्रेयस को करार से बाहर करना सही फैसला नहीं लगता।

पूर्व भारतीय कप्तान एवं बीसीसीआई के अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली भी कहते हैं कि पहली बार हो रहा है कि कोई खिलाड़ी खाली होने पर रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेल रहा। हम लोग भी अंतरराष्ट्रीय ड?टी से खाली होने पर घरेलू क्रिकेट में खेलते थे। श्रेयस और ईशान को तात्कालिक खमियाजा तो जून माह में होने वाले टी-20 विश्व कप की टीम से बाहर रहने के रूप में भुगतना पड़ सकता है। इसकी वजह अब आईपीएल के अलावा अन्य कोई क्रिकेट होनी नहीं है। दूसरी तरफ भारतीय टेस्ट टीम में यंग ब्रिगेड ध्रुव जुरेल, सरफराज खान ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया है। वहीं विराट कोहली और केएल राहुल की भी वापसी होगी। उस सूरत में इन दोनों के लिए टेस्ट टीम में स्थान बनाना मुश्किल हो सकता है। श्रेयस तो फिर भी रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेल रहे हैं। उनके सामने अभी दो मैचों में धमाल मचाने का मौका है पर ईशान ने यह मौका भी खो दिया है। बेशक, ईशान और श्रेयस प्रतिभाशाली हैं, देर सबेर भारतीय टीम में वापसी करके केंद्रीय अनुबंध भी पा जाएंगे पर बीसीसीआई की सख्ती का फायदा जरूर होगा। अगले सीजन में घरेलू क्रिकेट में स्टार खिलाड़ियों को ज्यादा खेलते देखा जा सकेगा। ऐसा हुआ तो घरेलू क्रिकेट फिर लोकप्रिय हो सकती है।

## आईडीएफ ने की हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी

तेल अवीव । आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की है। जारी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर यह कार्रवाई की है। ताजा जानकारी के अनुसार आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता अस शब और कफ़र किला इलाकों के साथ-साथ वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह बुनियादी ढांचे पर गोलाबारी की है। इजराइली हमला हिजबुल्लाह द्वारा कथित तौर पर रविवार को मेटुला, मलकिया और गजर में रॉकेट हमलों के बाद आया है। इजरायली खुफिया विभाग ने कहा है कि उसे आने वाले दिनों में वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ने की काफी आशंका है। उसने वेस्ट बैंक के सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। वहीं हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने भी हाल ही में टेलीविजन पर अपने संबोधन में गाजा की स्थिति और फिलिस्तीनियों की दुर्दशा पर इजराइल की जम कर आलोचना की थी। इधर इजराइल ने हिजबुल्लाह को भी चेतावनी दी है और सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल युद्ध के लिए भी तैयार है।

## हैती सरकार ने आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा

पोर्टऔ प्रिंस । हैती सरकार ने सप्ताहांत में हुई हिंसा के बाद सड़कों पर नियंत्रण फिर से हासिल करने के मकसद से देर रात आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। हिंसा के दौरान सशस्त्र गिरोह के सदस्यों ने देश की दो सबसे बड़ी जेलों पर धावा बोल दिया था। देश में 72 घंटे का आपातकाल तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सरकार ने कहा कि यह उन हत्यारों, अपहरणकर्ताओं और अन्य हिंसक अपराधियों को खोज निकालने के लिए लागू किया जाएगा जो जेल से फरार हो गए हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रुप में काम कर रहे वित्त मंत्री पैट्रिक बायोवर्ट ने कहा, पुलिस को कर्फ्यू लागू करने और सभी अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी कानूनी साधनों का इस्तेमाल करने का आदेश है।'' प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बढ़ते शक्तिशाली अपराध समूहों के साथ संघर्ष में स्थिरता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित सुरक्षा बल की तैनाती के वास्ते समर्थन जुटाने की कोशिश में पिछले सप्ताह विदेश यात्रा की थी। हैती में गिरोहों द्वारा पोर्ट ऑ प्रिंस में सरकारी संस्थानों पर हमले बढ़ने के बीच गत सप्ताहांत हुई हिंसा में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है, जिसमें चार पुलिस अधिकारी हैं।

## 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट से चार अंतरिक्ष यात्री रवाना

वाशिंगटन । चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करने वाले हैं। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को आईएसएस पहुंचने वाले हैं। वे अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का स्थान लेने वाले हैं, जो कि अगस्त से वहां मौजूद हैं। तेज हवा के कारण इन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में तीन दिन की देरी हुई। जेनेट एप्स दूसरी अश्वेत महिला हैं जिन्हें अंतरिक्ष स्टेशन पर इतने लंबे मिशन के लिए भेजा गया है। उन्होंने उड़ान भरने से पहले कहा कि वह खासतौर से अश्वेत लड़कियों के लिए आदर्श बनकर गर्व महसूस कर रही हैं और उन्हें यह दिखा रही है कि अंतरिक्ष यात्रा ''उनके लिए भी एक विकल्प है।'' पेशे से इंजीनियर एप्स ने 2009 में अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले फोर्ड मोटर कंपनी और सीआई के लिए काम किया है। एप्स को 2018 में रूस के एक रॉकेट से अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा जाना था लेकिन उनके स्थान पर किसी और को भेज दिया गया था और इसकी वजह का कभी सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया।

## ब्राजील में बस पलटने से दो की मौत

साओ पाउलो । ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के पेलोटास शहर में एक बस के पलटने से दो लोगों की मौत हुई और 40 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों पीड़ित महिलाएं थीं। इसमें एक की उम्र 42 साल और दूसरी की 70 साल थी। उन्होंने बताया कि संघीय राजमार्ग बीआर-116 पर बस चालक ने बाइक से आमने-सामने की टक्कर से बचने की कोशिश की तब बस पलट गई। बस पर्यटकों को सांता विटोरिया डो पालमार से कैक्सियास डो सुल ले जा रही थी, जहां पारंपरिक राष्ट्रीय अंगूर महोत्सव मनाया जाता है।

## दुनिया का सबसे अमीर कुत्ता, 30 अरब की संपत्ति और सेवा में तैयार रहती है नौकरों फौज

लॉस एंजेलस । अमीर सिर्फ इंसान ही नहीं होते, कुत्ते भी होते हैं। एक ऐसा कुत्ता है जो 30 अरब की संपत्ति का मालिक है करोड़ों की गाड़ी में घूमता है। उसकी सेवा में नौकरों की फौज 24 घंटे सातों दिन तैनात रहती है। इस डॉग के नाम गंथर 6 है, जो एक जर्मन शेफर्ड है। इस कुत्ते के नाम करीब 30 अरब की संपत्ति है। यह असाधारण कुत्ता बीएमडब्ल्यू की सवारी करता है। इस कुत्ते के नाम कई बंगले तो हैं ही, इसके आवाला एक फुटबॉल क्लब भी है। गंथर के पीआर लकी कार्ल्सन के मुताबिक, लेबिनस्टेन की मौत के समय उनका कोई नजदीकी रिश्तेदार नहीं था, ऐसे में लेबिनस्टेन ने सारी जायदाद अपने प्रिय कुत्ते के नाम कर दी थी। इसके बाद गंथर के नाम पर ट्रस्ट बनाया गया, जो ये सुनिश्चित करता है की पूरी संपत्ति गंथर और उसके परिवार के पास रहे। हाल ही में गंथर पर एक फिल्म भी बनाई जा रही है, जो काफी चर्चा का विषय भी बना रहा है। गंथर 6 मशहूर पॉप सिंगर रह चुकीं मेडोना के पुराने घर में रहता है, जिसके पास एक बड़ा सा यॉट भी है। यहां बाहमास के विला से नौकर भी आते हैं। यह कुत्ता कैरिबियन द्वीपों में स्थित अपने 6 अरब 81 करोड़ के घर में रहता है। इतना ही नहीं गंथर की टीम ने यह भी खुलासा किया कि आलीशान डिनर के अलावा वे कई बार यॉट ट्रिप्स पर दुनिया की सैर करने के लिए भी जाता हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कुत्ते का पैसा इटली का एक 66 वर्षीय आंत्रप्रेन्योर मौरिजियो मियान नियंत्रित करता है। दरअसल मियान गंथर कॉर्पोरेशन के सीईओ है, जो इस कुत्ते के असली मालिक द्वारा छोड़ी गई 29 अरब दो करोड़ रुपये की संपत्ति की देख रेख कर रही है। जर्मन काउंटेस कैरलोटा लेबिनस्टेन ने अपनी सारी संपत्ती इस कुत्ते के नाम कर दी थी।

## लॉटरी टिकट से मिले दस करोड़

लंदन। यहां एक व्यक्ति लॉटरी टिकट लेकर भूल गया पर बाद में इसी कारण करोड़पति बना गया। ब्रिटेन के रहने वाले विलियम मुलार्की ने कुछ समय पहले नेशनल लॉटरी से टिकट खरीदा।. वे भूल गए। और कुछ दिनों बाद पत्नी कैथरीनेट के साथ छुट्टियां मनाने के लिए सेंट लूसिया पहुंच गए। तभी उन्हें ईमेल आया, जिसमें बताया गया था कि उन्होंने यूरो मिलियंस मिलियनेयर मेकर जैकपॉट जीता है। इसके तहत उन्हें 1 मिलियन पाउंड यानी तकरीबन 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। आम लोगों की तरह बिल को भी यह फ्रॉड लगा. उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक महीने बाद जब वे छुट्टियों से लौटे, तभी उनकी पोती ने ईमेल को क्लिक कर दिया। फिर जो नजर आया, देखकर वे चिल्ला उठे। पोती की वजह से वे करोड़पति बन चुके थे। अगर ईमेल डिलीट हो जाता, तो वे मेगा जैकपॉट के लिए आवेदन नहीं कर पाते और 10 करोड़ रुपये नहीं मिलते।. इसके बाद पूरे परिवार ने जोर-जोर से चिल्लाना और नाचना शुरू कर दिया। बिल ने कहा, जब हमने ईमेल पर 'बधाई हो, आप विजेता हैं' संदेश देखा तो हमारी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। स्क्रीन पर जो कुछ भी नजर आ रहा था, हम यकीन नहीं कर पा रहे थे। हम एक तरह से सदमे में थे। बिल ने कहा, हमने खूब जश्न मनाया. मुझे पूरी रात नींद नहीं आई। हमारे ऊपर ढेर सारा कर्ज था. अब हम चुकाने के लिए तैयार थे. हमने तुरंत सेंट लूसिया में दूसरा घर खरीदने की योजना बना ली. क्योंकि इस पैसे पूरे परिवार का जीवन बदलने वाला था।






फ्रांस में फ्रेंच फार राइट एक रैली में संसदीय नेता जोर्डन बारडेला और मैरियाना ली पेन भी शामिल हुए।

## ब्रिटेन में नहीं घुस सकेंगे पाकिस्तान के चरमपंथी धर्मगुरु

### – ऋषि सुनक ने तैयार किया प्लान, पहले ही दी थी चेतावनी

लंदन । ब्रिटेन की सरकार द्वारा बनाई जा रही नई योजनाओं के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों के चरमपंथी इस्लामी विचारों वाले प्रचारकों को ब्रिटेन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक खबर में यह जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटिश सरकार चरमपंथी गतिविधियों में चौंकाने वाली वृद्धि से चिंतित है और अधिकारियों को विदेशों के सबसे खतरनाक चरमपंथी प्रचारकों की पहचान करने की जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि उन्हें वीजा चेतावनी सूची में जोड़ा जा सके। इसके मुताबिक, नई योजनाओं के तहत सूची में शामिल लोगों को अपने आप ही ब्रिटेन में प्रवेश से रोक दिया जाएगा। यह जानकारी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा लंदन में पिछले दिनों एक भाषण देने के कुछ दिनों बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि देश के लोकतांत्रिक और बहु-आस्था मूल्यों को चरमपंथियों से खतरा है। प्रधानमंत्री सुनक ने हाल ही में अपने भाषण में कहा था कि हम इस देश में उन लोगों को प्रवेश करने से रोकने के लिए भी कार्रवाई करेंगे, जिनका उद्देश्य इसके मूल्यों को कमजोर करना है।



## बाइडेन और ट्रंप के बीच 'ब्लंडर' करने की मची होड़! अब ओबामा को बताया वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान तेज होता जा रहा है। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए इस बार भी जंग जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच होनी तय मानी जा रही है। दोनों ही तरफ से एक-दूसरे पर जुबानी हमले भी लगातार जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से सार्वजनिक मंच पर कई बार ऐसी गलती हो जाती है जिसकी वजह से सोशल मीडिया में उनका मजाक बनाया जाता है और उनकी बढ़ती उम्र को इसकी वजह भी बताया जाता है। लेकिन ट्रंप की तरफ से भी इस तरह की चूक हो रही है। एक रैली में ट्रंप ने जो बाइडेन की जगह बराक ओबामा को अमेरिकी राष्ट्रपति बता दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने वर्जीनिया में एक रैली में बराक ओबामा को जो बाइडेन समझ लिया, जिससे संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की उम्र के बारे में और सवाल उठने लगे।



क्रमशः 77 और 81 साल की उम्र के साथ ट्रम्प और बाइडेन अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ने वाले सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं।

ट्रम्प ने रिचमंड में कहा कि पुतिन के मन में ओबामा के लिए इतना कम सम्मान है कि वह परमाणु शब्द को उछालना शुरू कर रहे हैं। आपने वो सुना वो आज परमाणु हथियारों पर बात करना शुरू कर रहे हैं। कथित तौर पर भीड़ चुप हो गई क्योंकि ट्रम्प ने ओबामा का जिक्र किया जो सात साल से अधिक समय पहले ही व्हाइट हाउस छोड़ चुके हैं। पिछले छह महीनों में यह तीसरी बार है जब ट्रम्प से चूक हुई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की अन्य गलतियों में उनकी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के साथ भ्रमित करना शामिल है। 52 वर्षीय हेली, जिन्होंने रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में बने रहने के लिए ट्रम्प और कई प्राथमिक हार को चुनौती दी है, ने खुद को युवा, स्वस्थ विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश की है - अपने अभियान विज्ञापनों में ट्रम्प और बिडेन को ग्रम्पी ओल्ड मेन के रूप में संदर्भित किया है। ट्रम्प की गलती उस दिन सामने आई जब बिडेन ने दो बार यूक्रेन और गाजा को भ्रमित किया जब उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका गाजा में फिलिस्तीनियों को मानवीय आपूर्ति प्रदान करेगा जो इजरायली बमबारी और नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं।

## प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हराया



### –हेली के खिलाफ ट्रंप को मिले सिर्फ 676 वोट, ट्रंप की हुई पहली हार

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति पद के लिए हो रहे प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हरा दिया है। हेली के खिलाफ ट्रंप को सिर्फ 676 वोट मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार साउथ कैरोलाइना की गवर्नर निक्की हेली ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराया दिया है। निक्की और ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके लिए वाशिंगटन डीसी में वोटिंग हुई। अमेरिकी न्यूज पोर्टल के मुताबिक, हेली को कुल 1274 वोट मिले जबकि ट्रंप को 676 वोट मिले हैं। इस साल शुरू हुए इस कैंपेन में यह ट्रंप की पहली हार है। यह वोटिंग वाशिंगटन डीसी के एक होटल में वीकेंड पर हुई थी। रिपब्लिक पार्टी के आधिकारिक बयान के मुताबिक, निक्की हेली ने 63 प्रतिशत वोट हासिल किए। निक्की ने वाशिंगटन डीसी से जीत हासिल की है। जबकि इससे पहले ट्रंप ने उन्हें मिसौरी और इडाहो में हराया था।

उन्होंने मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी का समर्थन प्राप्त किया था। हालांकि ट्रंप जीओपी नॉमिनेशन की तरफ बढ़ रहे हैं और इस हफ्ते होने वाले 16 सुपर ट्यूजडे में जीत हासिल करने की संभावना जता रहे हैं। हेली को रविवार को मिली जीत ने ट्रंप के विजयी रथ को अस्थायी रूप से रोक दिया है। लेकिन इस सप्ताह होने वाले 'सुपर ट्यूजडे' में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी संख्या में डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिलने की संभावना अधिक बन रही है।

## थाई श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध के अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते देख मैं प्रभावित हुआ : जयशंकर

बैंकॉक। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह बेहद हृदयस्पर्शी है कि 10 लाख थाई श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति अपना सम्मान जाहिर किया है। इन पवित्र अवशेषों को एक प्रदर्शनी के तहत बैंकॉक में 22 फरवरी से तीन मार्च तक प्रदर्शित किया गया। जयशंकर ने पोस्ट में उस विशेष मंडप की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें 26-दिवसीय प्रदर्शनी के पहले चरण के तहत बैंकॉक में पवित्र अवशेष प्रदर्शित किए हैं। दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों द्वारा पवित्र इन अवशेषों को राजकीय अतिथि के दर्जे के अनुरूप भारतीय वायुसेना के एक विशेष विमान से ले जाया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने पोस्ट किया, ''थाइलैंड के लाखों श्रद्धालुओं को भारत से आए पवित्र अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। हमारी साझा विरासत और संस्कृति एक ऐसा सेतु है जो एक विशेष संबंध स्थापित करता है। इस संबंध में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और अन्य को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने कहा था कि यह पहली बार है कि जब भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेषों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है।



## नेपाली कांग्रेस से अलग होने के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड ने ओली की पार्टी के साथ गठबंधन का फैसला किया

**काठमांडू (एजेंसी)।** 04 मार्च (वेब वार्ता)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने मतभेदों के कारण नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को समाप्त करने के बाद सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की पार्टी के साथ एक नया गठबंधन बनाने का फैसला किया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरे हो गए हैं। सीपीएन (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर हैं।' प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से हाथ मिलाने का फैसला किया। हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है।

पिछले साल, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार को समर्थन देने पर मतभेद के बाद सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सीपीएन-यूएमएल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने कहा कि नई कैबिनेट का गठन सोमवार दोपहर को किया जाएगा और कैबिनेट का आकार छोटा होगा। कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ने के बाद दोनों दलों के बीच दरार बढ़ गई। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने सोमवार को प्रधानमंत्री के आवास पर प्रचंड से मुलाकात की और एक नया गठबंधन बनाने से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

## पाकिस्तान संभलता नहीं और कश्मीर चाहिए, पीएम बनते ही नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ उगला जहर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में कश्मीर का उल्लेख करने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निर्वासित अधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने शरीफ की आलोचना करते हुए कहा कि वो वास्तव में गलत कर रहे हैं। कश्मीर के बारे में दावे को लेकर राजनीतिक कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री इस क्षेत्र के बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवीय संकट को स्वीकार करने और स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में लोग बड़े पैमाने पर भूख से मर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।' पेंशनभोगी लगभग एक साल से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। कई विभागों और अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को उनका वेतन नहीं दिया गया है। अस्पतालों में दवा नहीं है। सांप या कुत्ते के काटने की कोई खबर नहीं है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मिर्जा के हवाले से बताया कि अस्पतालों में काटने के टीके उपलब्ध हैं।

पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के चुनावी धांधली के दावों के बीच पाकिस्तान में सत्ता हासिल करने वाले शरीफ के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए पीओके में मानवीय स्थितियों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कोई ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, यहां तक कि स्थानीय ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहां एक डिस्पेंसर भी हो। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के निर्वासित कार्यकर्ता ने कहा कि पीओके में शिक्षा प्रणाली 'पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसा एक भी देश नहीं है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के छात्रों द्वारा प्राप्त की गई डिग्री को वैध मानता हो।



### प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में शहबाज शरीफ ने कश्मीर का किया जिक्र

पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में कश्मीर मुद्दे का जिक्र किया और उसी भाषण में देश में गंभीर आर्थिक संकट के बारे में भी बात की। उन्होंने अपने देश की संसद से कश्मीरियों और फ़िलिस्तीनियों की आज़ादी पर एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की। उन्होंने पाकिस्तान की संसद नेशनल असेंबली में प्रस्ताव पारित करने की बात कही। शरीफ ने कहा कि उन्होंने कहा कि आइए सब एक साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। उसी भाषण में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ ने अफसोस जताया कि देश खतरनाक कर्ज संकट का सामना कर रहा है।

## मुस्लिम देश में बने हिंदू मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दर्शन के लिए एक दिन में पहुंचे 65 हजार लोग



**अबु धाबी (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में निर्मित बीएपीएस हिंदू मंदिर में दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। यहां एक दिन में 65 हजार लोग दर्शन को पहुंचे हैं। बता दें कि अबु धाबी में यह धार्मिक स्थल रविवार से आम जनता के लिए खुल गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि पहले ही दिन मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 हजार के आंकड़े को पार कर गया है। गौरतलब है कि फरवरी में ही पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बस और कार के जरिए सुबह 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि शाम के वक्त यह आंकड़ा 25 हजार के ऊपर पहुंच गया। खास बात है कि इतनी भीड़ होने के बाद भी 2-2 हजार के श्रद्धालुओं का बैच तैयार किया गया और सभी बगैर धक्का मुक्की के दर्शन के लिए कतार में इंतजार करते नजर आए। साधु ब्रह्मबिहारीदास का कहना है, इस दिन को हकीकत में बदलने के लिए पूर्ण समर्थन देने और नई बस सेवाओं के लिए हम यूएई के नेताओं और स्थानीय अधिकारियों के आभारी हैं। मैं उन श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जो बेहद शांति से रहे। यह मंदिर आध्यात्मिकता, सद्भावना के प्रतीक के रूप में काम करेगा जो सभी लोगों को साथ लाएगा।

इसी तरह अबु धाबी के सुमंत राय बताते हैं कि हजारों लोगों के बीच मैंने कभी ऐसी गजब की व्यवस्था नहीं देखी। मुझे इस बात की चिंता थी कि मुझे घंटों इंतजार करना पड़ेगा और शांति से दर्शन नहीं हो सकेंगे, लेकिन हमें अच्छे से दर्शन हुए और पूरी तरह से संतुष्ट हैं। बीएपीएस के वॉलिंटियर्स और मंदिर स्टाफ का धन्यवाद। बता दें कि यूएई का यह पहला हिंदू मंदिर है। साल 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयन ने मंदिर निर्माण के लिए 13.5 एकड़ जमीन दान कर दी थी। बाद में साल 2019 में यूएई सरकार ने मंदिर के लिए 13.5 एकड़ जमीन और दे दी, जिसके चलते मंदिर के लिए प्राप्त जमीन 27 एकड़ तक पहुंच गई। साल 2017 में पीएम मोदी ने मंदिर की आधारशिला रखी थी। अब यह दर्शनों के लिए खोल दिया गया है।

# लैंगिक उत्पीड़न विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ आयोजित

## विषय विशेषज्ञ ने कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के विषय में दी सारगर्भित जानकारी

**सहीस** । महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा 04 मार्च को जिला स्तरीय महिलाओं के कार्य स्थल पर ÷लैंगिक उत्पीड़न विषय÷ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ श्रीमती अनुपमा कंवर, संरक्षण अधिकारी नवा विहान (जांजगीर चांपा) के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के विषय में बताया गया, जिसमें उनके द्वारा किस प्रकार इस विषय पर कानून बना और उसे लागु किया गया, उसके संबंध में विस्तृत सारगर्भित बातें बताई गई। साथ ही बताया गया कि हिंसा केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक, आर्थिक व समाजिक रूप से भी होती हैं।इसके तहत किसी भी प्रकार से प्रताडित महिला अपने कार्यालय में बनी आंतरिक समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिला चाहे किसी भी आयु की हो, जो चाहे नियोजन हो अथवा न हो, लैंगिक उत्पीड़न का कोई कृत्य किये जाने का शिकायत कर सकती हैं। उक्त कार्यक्रम के समापन पर परियोजना अधिकारी श्रीमती श्याम कंवर के द्वारा कार्यक्रम का समापन कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभाग के विभिन्न महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



### मालखरौदा के दशहरा मैदान में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

# राजस्व, पुलिस, कृषि,उद्यान, स्वास्थ्य, खाद्य सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल, कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टॉल का किया निरीक्षण

**शिविर में विभागों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही लोगों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित, बड़ी संख्या में पहुंचे आमजन**

संभाग ब्यूरो तुला राम सहीस दैनिक मौरेना केसरी छत्तीसगढ़ सक्ती, / कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में जिले के शहरी और ग्रामीण लोगों के राशनकार्ड, गैस कनेक्शन, खाद, बीज, बिजली, पानी, जमीन से संबंधित कार्य सहित अन्य विभिन्न छोटी-ब?ी समस्याओ के निराकरण के लिए आज मालखरौदा विकासखंड के दशहरा मैदान में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर लोगों की समस्याओ का निराकरण किया गया। शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी देने के साथ ही लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर स्थल पर विभागों द्वारा लगाये गये सभी स्टाल का निरीक्षण किया गया । जिला स्तरीय शिविर में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकडा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती श्री पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा श्री अरुण सोम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीएल खरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती देवा लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सभी सबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुये। शिविर का शुभारम्भ विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर और जिलाप्रशासन के अधिकारियो द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और डॉ भीमराव अम्बेडकर के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन कर की गयी। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर द्वारा शिविर में स्टॉल का अवलोकन करते हुए विभागीय योजनाओ से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने संबंधित अधिकारीयों को कहा गया। मालखरौदा के दशहरा मैदान में आयोजित शिविर में आज राजस्व, पुलिस (चलित थाना संवाद), कृषि,उद्यान, स्वास्थ्य, खाद्य, आबकारी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, सहकारिता विभाग, आदिवासी विकास विभाग, आधार कार्ड शिविर, विद्युत विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, मछली पालन विभाग, श्रम विभाग, आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पंचायत अड़भार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, रेशम विभाग, पशुधन विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसके माध्यम से आमजनों को शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी मिलने के साथ ही संबंधित हितग्राहियों को योजनाओ से लाभान्वित किया गया।



# कलेक्टर ने मालखरौदा के दशहरा मैदान में ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**सक्ती जिले में प्रत्येक माह के 15 तारीख को मेडिकल बोर्ड लगाने के दिए निर्देश**

**सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश**

संभाग ब्यूरो तुला राम सहीस दैनिक मौरेना केसरी छत्तीसगढ़ सक्ती, / कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज मालखरौदा के दशहरा मैदान में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थल पर सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती में प्रत्येक माह के 15 तारीख को मेडिकल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए तथा किसी माह में 15 तारीख को शासकीय अवकाश होने पर अगले कार्यालयीन दिवस पर अनिवार्य रूप से मेडिकल बोर्ड लगाने कहा। मेडिकल बोर्ड में दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित अन्य संबंधित कार्यों को आमजन करा सकते है। इसके साथ ही उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है।साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 6 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुडी महिलाओं के साथ संवाद करेंगे। जिसके तहत जिले के चिन्हांकित 12 जगहों सारागांव, मालखरौदा, डभरा, चन्द्रपुर, कोटमी, अड़भार, जैजैपुर, छपोरा, बम्हनीडीह, हसौद, भोथिया और सक्ती ग्रामीण में कार्यक्रम कराया जाना है। इसके लिए कलेक्टर ने सभी सीईओ और सीएमओ को आवश्यक तैयारी कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों, संगठनों की महिलाएं वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में बताया की प्रदेश में महतारी वंदन योजना की राशि 7 मार्च को जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे और महिलाओं के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। कलेक्टर ने इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियो को आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन राशन कार्ड के वितरण के निर्देश भी दिए है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने 8 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल कार्यक्रम का आयोजन करने तथा 9 मार्च को जिलास्तर पर स्वीप कर्यक्रम आयोजित कराये जाने कहा। कलेक्टर ने जेल में बंद कैदियों के लिए अच्छी किताबे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुक डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन करने तथा सभी से किताब दान करने की अपील की है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन सहित समस्त राजस्व प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुवे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागो के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अग्निवीर भर्ती की समीक्षा करते हुए जिले में अग्निवीर भर्ती के लिए माकटेस्ट कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने महतारी वंदन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमश्री स्कूल , पीएम आवास योजना, लोकसेवा गारंटी अधिनियम, स्टेडियम व बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, कृषकों के लंबित ई-केवाइसी कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा, एसडीएम श्री पंकज डाहिरे, एसडीएम श्री अरूण कुमार सोम, संयुक्त कलेक्टर श्री के. एस. पैकरा, जिला कोषालय अधिकारी श्री दशरथ प्रसाद सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.एल. खरे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### लोक सभा निर्वाचन में मोर्चा ने मांग एवं सुझाव कलेक्टर को सौंपा

# चुनाव प्रशिक्षण विकास खंडवार एवं बुजुर्ग व बीमारी से पीड़ित को राहत की मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला कोण्डागांव संयोजक नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में दिनांक 04.03.2024 को संध्या 5ः00 बजे विभिन्न कर्मचारी संगठनों के विकासखंड, तहसील एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर कोण्डागांव श्री कुणाल दुदावत जी से मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों के विभिन्न मांगों एवं सुझाव सम्बंधित ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में निर्वाचन कार्य संपादित करने वाले मतदान कर्मियों को विकास खंडवार प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं लोकसभा क्षेत्रवार कोण्डागांव एवं केशकाल में निर्वाचन सामग्री वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्था करने, परिस्थिति के अनुकूल 600 से अधिक मतदाता वाले केंद्र में सहायक मतदान केंद्र की स्थापना, 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग व गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सामान्य परीक्षण, प्रमाण पत्र एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने, मतदान दल गठन प्रक्रिया में वरिष्ठता के आधार पर पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी की नियुक्ति करने, सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र की दूरी के आधार पर विकासखंड से आने वाले मतदान कर्मियों के लिए वाहन की व्यवस्था, जिले में प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स एवं रिजर्व दल जो निर्वाचन में कार्य करते हैं उन्हें मानदेय का भुगतान एवं निर्वाचन कार्य प्रक्रिया में प्रारंभ से अंत तक सेवा देने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं वाहन चालकों को मानदेय भुगतान करने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन सौंपने समय जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल जिला सचिव ऋषिदेव सिंह विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी संजय सिंह ठाकुर, शीतल कोर्राम, बी.एस. ठाकुर, यशवंत सिंह, श्रीनिवास नायडू, चमन लाल वर्मा, प्रकाश सेठिया, मनोज फिलिप, चंद्रकांत ठाकुर, अनिल कोरार्म, पवन साहू, देवेन्द्र बघेल, राजकुमार मंडावी, राजू नायर आदि उपस्थित थे ।






# उपेन्द्र की यूआई द मूवी का पहला गाना हुआ रिलीज़

निर्देशक उपेंद्र की फिल्म यूआई काफी समय से चर्चा विषय बनी हुई है ! फिल्म का फर्स्ट लुक कुछ समय पहले ही सामने आया था जिसे देख फेन्स काफी , अब टीड़र के बाद , उपेंद्र ने फिल्म का पहला गाना रिलीड़ किया गया जो निश्चितरूप से आपकी प्लेलिस्ट का हिस्सा बन सकता है। फिल्म यूआई द मूवी का ग्रूवी गाना मुंबई में यूट्यूब पर दिखाया गया ! यह पीरियड एक्शन फिल्म 100 करोड़ के बजट पर बन रही है , और भारतीय सिनेमा में मनोरंजन को बदलने का वादा करती है !फिल्म में उपेन्द्र (मुख्य अभिनेता), रेशमा नानैया (मुख्य अभिनेत्री), निधि सुब्बैया, मुरली शर्मा और पी रविशंकर, साधु कोकिला और कॉकरोच सुधि प्रमुख भूमिकाओं में हैं, और संगीत अजनीश लोकनाथ (कंथारा फेम), आर्ट डायरेक्शन शिव कुमार (केजीएफ1 और 2 फेम) ने किया है। ,

# लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर डीएम ने की ब्रीफिंग



भागलपुर-लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु उसकी तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी ने प्रेस ब्रीफिंग की।उन्होंने संवाददाता को बताया कि भागलपुर जिला के सातों विधानसभा में कुल 2234 मतदान केंद्र हैं जिसमें 152-बिहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्र की संख्या 251, 153-गोपालपुर में मतदान केंद्र की संख्या 264, 154-पीरपैती(अ0जा0) में 350, 155- कहलगांव में 343, 156- भागलपुर में 336, 157- सुल्तानगंज में 352 एवं 158-नाथनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में **में 338 मतदान केंद्र बनाए गए है-** कुल 14 चलंत मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 152-बिहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 3, 155- कहलगांव में 2,156- भागलपुर में 6,157- सुल्तानगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 3 चलंत मतदान केंद्र शामिल हैं। जिले में कुल मतदान केंद्र भवनों की संख्या 1267 हैं।भागलपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 22 लाख 93 हजार 233 है, जिनमें 12 लाख 03 हजार 466 पुरुष, 10 लाख 89 हजार 634 महिला एवं 133 अन्य मतदाता हैं।152-बिहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 142375 पुरुष मतदाता एवं 132304 महिला मतदाता, गोपालपुर में 146236 पुरुष मतदाता एवं 135499 महिला मतदाता एवं 13 अन्य मतदाता, पीरपैती(अ0जा0) में 189027 पुरुष मतदाता, महिला मतदाता 167056 एवं अन्य 13 मतदाता, कहलगांव में 186481 पुरुष मतदाता, 169133 महिला मतदाता एवं अन्य 23 मतदाता में कुल 3555637 मतदाता, भागलपुर में 178229 पुरुष मतदाता, 161054 महिला मतदाता एवं अन्य 25 मतदाता में कुल 339308 मतदाता, सुल्तानगंज में कुल 343517 मतदाता हैं जिनमें 180994 पुरुष एवं 162500 महिला एवं 23 अन्य मतदाता शामिल है। नाथनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 342227 मतदाता है जिसमें 180124 पुरुष एवं 162088 महिला एवं 15 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिला में पुरुष एवं महिला मतदाता का अनुपात 913 है। उल्लेखनीय है जिले में 18-19 वर्ष के मतदाता की संख्या 28003, 80+ मतदाता की संख्या 43868 एवं पीडब्लूडी मतदाता की संख्या 18490 है। जिले में कुल 262 सेक्टर बनाए गए हैं। जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5-5 एसएसटी गठित किया गया है एवं 23 एफएसटी गठित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले का मतदाता लिंगानुपात 888 से बढ़कर 913 हो गया है। कुल 49347 महिला मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है।

# डीएम ने आपूर्ति विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

भागलपुर 5 मार्च 2024ः- समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि वन नेशन वन राशन के तहत निर्गत कार्ड से यदि 3 महीने तक खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जाता है तो वह बंद हो जाएगा। साथ ही राशन कार्ड का आधार सीडिंग अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए सभी लाभुक अपने राशन कार्ड का आधार सीडिंग करवा लें। लंबित नए राशन कार्ड का वितरण को कैंप मोड में कराने का निर्देश सभी एसडीओ को दिया गया साथ ही राशन कार्ड कहां उपलब्ध है इसकी सूचना जिला के वेबसाइट पर देने हेतु अपलोड करने का निर्देश दिया गया। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का सत्यापन कार्य पंचायत समिति/कर्मचारी/आवास सहायक के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर करवाने के निर्देश दिए गए।



## ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आज वार्ड 13और14 में जनसंपर्क करेंगे



**महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार 07 मार्च को ग्वालियर -15 विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 और 14 में केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा लाभार्थियों से रुबरू होने के लिए जनसम्पर्क करेंगे।उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का कार्यक्रम गुरुवार को दोपहर 1ः00 बजे बजे से 03ः00 बजे बजे तक वार्ड 13 में अनाजमण्डी गंज ग्वालियर से तथा वार्ड 14 में श्री ओमप्रकाश नामदेव पूर्व पार्षद जी के घर रेती फाटक से आरंभ करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 7 मार्च को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे

ग्वालियर 7 केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 7 मार्च को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। मंत्री सिंधिया इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 7 मार्च को प्रातः 9.30 बजे कलेक्ट्रेट पहुँचकर अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके बाद प्रातः 10.30 बजे जौरासी पहुँचकर अष्ट महालक्ष्मी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सिंधिया राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचकर वायुमार्ग से दोपहर 12.30 बजे नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

# हमारा मकसद युवा पीढी जाब नहीं याब की ओर आकर्षित हों : अदिति सिंघा

ग्वालियर। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्वालियर एवं मध्य प्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सहयोग से डिजिटल कॉमर्स एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन पर सेमीनार का आयोजन चेम्बर भवन में किया गया। सेमिनार की थीम के संबंध में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक के.एस. सोलंकी ने जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज की युवा पीढी अपने पूर्वजों के परंपरागत व्यापार को अपनाने में हिचकिचाहट महसूस करते हुए शासकीय एवं मल्टी नेशनल कंपननियों में जॉब करने को प्राथमिकता दे रही है व्यापार की कठिनाईयों व ऑनलाइन व्यापार के प्रभाव के कारण परंपरागत व्यवसाय कम होता जा रहा है। आज का यह सेमीनार इसलिए आयोजित किया गया है ताकि हम भी अपने व्यापार को ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग करके इसे बढा सकें। आज के इस सेमीनार से हम सभी लाभांवित होंगे, ऐसी मैं आशा करता हूँ।

सेमिनार में नई दिल्ली से पधारीं सुश्री अदिति सिंघा ने कहा कि ओएनडीसी भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के तहत कार्य करता है। हमारा प्रमुख कार्य अनडिजिटलाइज्ड कारोबार को डिजिटलाइज्ड कारोबार की ओर बढाना है। हमारे युवा आज जॉब की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं7 जॉब का अर्थ होता है- ज्वॉइन अदर बिजनिस जबकि हम चाहते हैं कि हमारी पीढी यॉर ऑन बिजनिस यानि यॉब की ओर आकर्षित हो क्योंकि इससे आप दूसरे लोगों को भी रोजगार दे पाएंगे। कार्यक्रम में वॉलमार्ट वृद्धि भोपाल से




पधारे विकास त्यागी ने व्यवसायियों को फ्लिपकार्ट जैसे ईकॉमर्स प्लेटफार्म पर ऑनबॉर्डिंग करने, निर्यात अवसरों की ऑनलाईन प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी7

वहीं सेमीनार में उप अधीक्षक भारतीय डाक विभाग ग्वालियर डिवीजन के ओ.पी. चतुर्वेदी ने डाकघर के माध्यम से एक्सपोर्ट कैसे किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी7 अंत में स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल पूर्व कोषाध्यक्ष बसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं काफी संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित रहे।

# व्यवसायियों के साथ घटनाकारित करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही होगी : ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर । मुरैना में सराफा एवं टिम्बर व्यवसायी के साथ घटित आपराधिक घटना एवं ग्वालियर में लोहा व्यवसायी एवं व्यवसायी परिवार के साथ चोरी की घटना पर चिंतन बैठक का आयोजन बुधवार को चेम्बर भवन में किया गया। बैठक में चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मुरैना में स्वर्ण कारोबारी के साथ हुई घटना के आरोपियों तक पुलिस पहुंच गयी है, लेकिन माल लेकर फरार हुए आरोपी के पिता तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है, आखिर पुलिस के तंत्र से वह बाहर कैसे हैं, यह बात समझ से परे है। यह लूट की घटना अधिक समय तक अनसुलझी नहीं रहनी चाहिए नहीं तो व्यवसायियों का धैर्य जबाव दे जाएगा। 13 फरवरी को टिम्बर व्यवसायी के साथ हुई घटना में भी पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है, यह भी चिंताजनक है। इसके साथ ग्वालियर के बहो?ापुर थाना क्षेत्र में सरिया व्यवसायी के यहां हुई चोरी में आरोपी नामजद होने के बाद भी अब तक नहीं पक? गये हैं और हजीरा थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा भी अब तक




नहीं हुआ है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मैं आपका सेवक हूं और आपके सेवक की उपस्थिति में हुई बैठकें औपचारिक होकर नहीं रहेंगी। यदि 11 मार्च तक आचार संहिता नहीं लगी तो आईजी चंबल और आईजी ग्वालियर जोन के साथ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथियों की बैठक होगी और आपकी भावनाओं को स्पष्ट व्यक्त किया जाएगा। आपराधियों के खिलाफ सशक्त कार्यवाही होगी, चाहे वह किसी समाज का हो। इससे पूर्व बैठक का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल ने कहा कि सोना-चांदी व्यवसाईयों के साथ ही अन्य व्यवसायियों में भी लूट एवं चोरी की घटनाओं से भय का वातावरण व्याप्त है, व्यापारी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है लेकिन जो घटनाएं घटित हो रही हैं, उससे ऐसा लगता है कि पुलिस का तंत्र कमजोर हुआ है। आभार मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, ग्रेटर ग्वालियर सोना-चांदी व्यवसासयी संघ के अध्यक्ष पारस जैन, उपनगर ग्वालियर सर्राफा संघ के अध्यक्ष जवाहर जैन, लश्कर सर्राफा संघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम जैन, कार्यकारिणी समिति सदस्य दीपक जैन, आशीष जैन, अभिषेक गोयल सन्नी, अजीत जैन, लक्ष्मीनारायण गर्ग सहित काफी संख्या में सोना-चांदी व्यवसायी उपस्थित थे।

# अवध से अरब तक भारत की सांस्कृतिक ध्वजा लहरा रही है : डॉ. यादव

**- मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुये**

ग्वालियर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का महापर्व चल रहा है। जिसके तहत अयोध्या में भगवान राम के भव्य



मंदिर का निर्माण हुआ है। साथ ही अवध से अरब तक भारत की सांस्कृतिक ध्वजा लहरा रही है। सनातन संस्कृति की इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसार ग्वालियर के जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी के अदभुत एवं भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को जौरासी पहुँचे और अष्ट महालक्ष्मी जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जौरासी हनुमान मंदिर एवं अष्ट महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी उनके साथ थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जौरासी में प्रदेश ही नहीं देश के अदभुत एवं भव्य अष्ट महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण हुआ है। इसकी स्थापत्य कला मनोरम व शांति दायक है। जौरासी ऊर्जा व शांति से परिपूर्ण धर्म व आध्यात्म का क्षेत्र है। निश्चय ही यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के ब? केन्द्र के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सरकार ने पुराने मंदिरों की महत्ता को स्थापित करने के लिये मंत्रिमण्डलीय उपसमिति का गठन किया है। इस समिति के निर्देशन में प्रदेश भर के मंदिरों को सूचीबद्ध कर धर्मस्व, राजस्व एवं पर्यटन इत्यादि विभागों के सहयोग से इन मंदिरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कर उनकी महत्ता स्थापित की जायेगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्री हनुमानजी मंदिर जौरासी न्यास के अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी व सचिव प्रेम सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण कौशल शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, वीरेन्द्र जैन भी उपस्थित थे। यहां बता दें कि जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण श्री हनुमानजी मंदिर जौरासी न्यास द्वारा लगभग 14 करो? रूपए की लागत से कराया गया है। देश के सुप्रसिद्ध जौरासी हनुमान मंदिर पर आए च?ावे की राशि से अष्ट महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण हुआ है। ग्वालियर क्षेत्र के निवासी लम्बे समय से अष्ट महालक्ष्मी मंदिर की स्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे। नवनिर्मित भव्य मंदिर में आदि लक्ष्मी यानि महालक्ष्मीजी जी के साथ लक्ष्मीजी के आठ रूप अर्थात धन लक्ष्मी, धान्य लक्ष्मी, गज लक्ष्मी, सन्तान लक्ष्मी, वीर लक्ष्मी, भाग्य लक्ष्मी, विजय लक्ष्मी व विद्या लक्ष्मी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई हैं।

**चंदेरी के विकास में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी जायेगीः डॉ. यादव**

# मुख्यमंत्री ने अशोकनगर जिले को दी 300 करोड़ रूपए लागत की सौगातें

अशोकनगर 7 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चंदेरी एक ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी है। इसके विकास में प्रदेश सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। चंदेरी का सुनियोजित विकास कर इसे न केवल प्रदेश में बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल कराया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को चंदेरी में आयोजित हुए कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर 300 करोड़ रूपए से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर विकास की बड़ी-बड़ी सौगातें दीं। साथ ही अशोकनगर जिले के प्राणपुर में बनकर तैयार हुए देश के पहले ÷क्राफ्ट हैण्डलूम टूरिज्म विलेज÷ का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेन्द्र लोधी व क्षेत्रीय सांसद डॉ. के पी सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरकि उपस्थित थे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा 7 करोड़ 45 लाख रूपये की लागत से प्राणपुर-चंदेरी में ÷क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज'' विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पशुपालन को भी लाभ का धंधा बनाया जाए। इस दिशा में गौशालाओं को और बेहतर बनाने के कार्य किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के बेहतर उपचार के लिये प्रदेश सरकार ने एयर एम्बूलेंस शुरू की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्थित देव स्थलों का जीर्णोद्धार और उनकी महत्ता स्थापित करने का कार्य भी सरकार प्राथमिकता से करेगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार चंदेरी आए हैं। मुख्यमंत्री चंदेरी में खाली हाथ नहीं, 300 करोड़ रूपए की सौगातें लेकर आए हैं। साथ ही बुनकरों के लिये 7.50 करोड़ रूपए की लागत से तैयार हुई पर्यटन विलेज की सौगात भी उन्होंने दी है। सिंधिया ने कहा कि चंदेरी एक प्राचीन नगरी है और भारतीय संस्कृति में इसका विशिष्ट स्थान है। संगीत के क्षेत्र में चंदेरी में बैजू बावरा का स्मारक है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्वालियर के तानसेन संगीत महोत्सव की तर्ज पर चंदेरी में भी बैजू बावरा संगीत महोत्सव का आयोजन किया जाता है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में ओला पीड़ितों को जल्द से जल्द राहत देने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर 48 घंटे के भीतर किसानों की प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार किसानों को शीघ्र ही राहत राशि वितरित की जायेगी। कार्यक्रम में पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि चंदेरी में पर्यटन विभाग के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा बुनकरों के लिये नई सौगात प्रदान की गई है। पर्यटन स्थलों के विकास के लिये भी प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रारंभ में पर्यटन विकास निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पर्यटन नगरी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बुनकरों एवं शिल्पकारों के जीवन में बड़ा बदलाव लायेगा ÷क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज÷



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अशोकनगर जिले के प्राणपुर में देश के पहले ÷क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज÷ का लोकार्पण किया है। इसके निर्माण से हस्तशिल्प शिल्पियों व बुनकरों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। टूरिज्म विलेज के माध्यम से हस्तशिल्प उत्पादों की गुणवत्ता का विकास, उत्पादों को बाजारोन्मुखी बनाना, कारीगरों को कौशल विकास, उन्नत तकनीकी का प्रशिक्षण एवं आधुनिक उपकरणों का प्रदाय तथा उत्पादों की विपणन सहायता उपलब्ध कराने का काम होगा। साथ ही स्थानीय बुनकरों एवं शिल्पकारों की कला को संरक्षित करते हुए बाजार भी मुहैया कराया जायेगा।

**भिण्ड में विकास की बयार बह रही हैः सीएम यादव**

# 93 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत के 68 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, लोकार्पण

भिण्ड7 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड में किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में 80 लाख से अधिक किसानों को किसान कल्याण योजना के एक हजार 816 करो? रूपए और 25 लाख से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना (खरीफ 2023) के 755 करो? रूपए ऑनलाइन अंतरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 193 करो? 35 लाख रूपए के 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नयागांव में महाविद्यालय आरंभ करने, गौरी सरोवर तालाब का विकास कर उसका संपूर्ण कायाकल्प करने, मेहगांव को नगर पंचायत बनाने, भिण्ड के महाविद्यालय में कृषि संकाय आरंभ करने प्रदेश की सीमा में इटावा से भिण्ड मार्ग निर्माण और लेलवारी पुल निर्माण की घोषणा भी की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जनआभार यात्रा के बाद सम्मेलन स्थल पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भिण्ड, रथी, महारथी और वीरों की धरती है, यहाँ के युवा भारत माता को गौरवान्वित करते रहे हैं। चंबल की धरती में देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में रखने का साहस और सामर्थ्य है। भिण्ड में विराजमान वनखंडेश्वर महादेव और ददरौआ के डॉक्टर हनुमानजी के चरणों में प्रणाम करते हुए उन्होंने कहा कि कभी भिण्ड की पहचान बीह?ों और डकैतों से थीं। भिण्ड में अब कानून का राज स्थापित है। विकास की बयार बह रही है। राज्य सरकार चंबलवासियों के जीवन को सरल बनाने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं से न केवल लोगों की प्रगति और विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि देश का मान-सम्मान भी विश्व में ब?ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जन-जन के मन में है। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम् के सांस्कृतिक भाव को जागृत किया है। कोविड के कठिन काल में सभी देशवासियों को सुरक्षा देने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर विश्व के 100 से अधिक देशों को कोविड की वैक्सीन उपलब्ध कराई गई। उन्होंने देश के 22 करो? जरूरतमंद लोगों को पक्के आवास उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर गरीबों के बैंकों में खाते खुलवाए गए और हर व्यक्ति का हक उसे सीधे दिलवाने की व्यवस्था स्थापित




की गई। इसी का परिणाम है कि आज ब?ी संख्या में किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण और प्रधामंत्री फसल बीमा योजना की राशि सीधे अंतरित की गई है। जनकल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी अभिनंदनीय हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 193 करो? 35 लाख रूपए की लागत से 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें परियाया, मोरा, अखोसर और नरसिंगग? में जल जीवन मिशन के पेयजल कार्यों, 45 गाँवों में नल-जल योजना के कार्यों, भिंड जेल में निर्माण कार्य सहित 50 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लहार, गोरमी, आलमपुरय और दबोह में जल प्रदाय योजना, भिण्ड और मेहगांव में संयुक्त तहसील कार्यालय, आलमपुर-भगवापुरा मार्ग में सोन नदी पर पुल और गौर पुल, मेंहदा, कुरथर, भांपर और शाहपुरा में जल जीवन मिशन के कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सेव?ा से कनवार और जामना से मानपुरा स?क मार्ग, दंदरौआ में बिजली उपकेन्द्र, जाखौरी और शेरपुर में हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल तथा अटेर में अर्द्ध शहरी थाने का लोकार्पण भी किया गया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478